36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-81 | रायपुर, गुरुवार 07 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com



## ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया, अब कुल 50% टैरिफ

### 21 दिन बाद लागू होगा, रूसी तेल खरीदने को वजह बताया, भारत बोला- ये कार्रवाई अन्यायपूर्ण, जरूरी कदम उठाएंगे



**वॉशिंगटन (ए)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा।

भारत सरकार ने इस कार्रवाई को गलत, अन्यायपूर्ण और गैर जरूरी बताते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लगेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कल कहा था कि भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है कि भारत सरकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25% का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमेरिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

**कल मेडिसिन पर 250% टैरिफ की धमकी दी थी**

ट्रम्प ने कल ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150% और फिर 250% कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था कि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है।अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40% भारत से आती हैं।

**इन भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा**

» अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी, वे छूट अब भी जारी रहेंगी।

» इन सामानों में सेमी-कंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं।

» इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा।

» इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं।

## फर्स्ट कालम

### आरबीआई ने रेपो रेट में बदलाव नहीं किया, 5.50% पर बरकरार रखा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50% घटाकर 5.5% की थीं। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज यानी 6 अगस्त को इसकी जानकारी दी।



### अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रंप की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री ट्रंप की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है। उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं।



### पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार चीन जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। बतौर प्रधानमंत्री पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएण की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे।

### 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं : सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है। गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में अर्जेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं।

### 1 अक्टूबर से एअर-इंडिया की सभी इंटरनेशनल फ्लाइट्स उड़ान भरेंगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक अक्टूबर से पूरी तरह से इंटरनेशनल फ्लाइट्स का परिचालन शुरू करेगी। सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बताया कि 1 अगस्त से कुछ इंटरनेशनल फ्लाइट्स ने उड़ान भरना शुरू कर दिया है और 1 अक्टूबर तक सभी फ्लाइट्स शुरू करने का लक्ष्य है। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश के बाद कुछ उड़ानें आंशिक रूप से रोक दी गई थीं। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उड़ानें शुरू की जाएंगी। उन्होंने माना कि पिछले कुछ हफ्तों में परिचालन संबंधी दिक्कतें आई हैं, जिनका यात्रियों के अनुभव पर असर पड़ा होगा।

### घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश, 8 लोगों की मौत

**इकरा।** अफ्रीकी देश घाना में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोमाह और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मोहम्मद शामिल हैं। घाना सरकार ने इस हादसे को राष्ट्रीय त्रासदी करार दिया है। राष्ट्रपति जॉन महामा के चीफऑफस्टाफजूलियस डेबरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति और सरकार इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले हमारे साथियों के परिवारों के लिए अपनी संवेदना जाहिर करती है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का किया उद्घाटन

## कर्तव्य भवन भारत के वैश्विक विजन का प्रतीक : पीएम मोदी

### कहा-मंत्रालयों के लिए 1500 करोड़ किराया चुका रही सरकार, कर्तव्य भवन से यह परेशानी दूर होगी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि कर्तव्य भवन में विकसित भारत की नीतियां बनेंगी। ये सिर्फ इमारत नहीं, करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करने की भूमि है। कर्तव्य भवन भारत के वैश्विक विजन का प्रतीक है।

पीएम मोदी ने कहा कि अगर दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी है तो देश में 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन बने हैं। भारत मंडपम बना तो 1300 से ज्यादा अमृत भारत रेलवे स्टेशन भी बनाए गए। कर्तव्य भवन जैसे आधुनिक इमारतों में भी रूफ सोलर लगाए गए हैं, ग्रीन बिल्डिंग का विजन भारत में विस्तार ले रहा है। गुड गवर्नेंस और विकास की धारा रिफॉर्म्स की गंगोत्री से निकलती है।



पीएम ने कर्तव्य भवन की जरूरत के बारे में बताया कि 100 सालों से होम मिनिस्ट्री एक ही बिल्डिंग में है। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। सालाना 1500 करोड़ रुपए रेंट देना पड़ता है। इससे सरकार का कितना खर्च हो रहा है। कर्तव्य भवन 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और कॉमन सेंट्रल सेक्रेटरिएट (सीएसएस) की 10 में से पहली बिल्डिंग है।

**सरकार के वर्क कल्चर को अपग्रेड करें**

पहले कितने विभागों और मंत्रालयों में जिम्मेदारी की ओवरलेपिंग होती थी जिससे डिसीजन लटक जाते थे। इसके लिए मंत्रालय मर्ज किए गए और जहां जरूरत थी नए मंत्रालय बनाए गए। सरकार के वर्क कल्चर को अपग्रेड करने के लिए काम किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी के जरिए कर्मचारियों को ट्रेंड किया जा रहा है।

**योजनाओं की डिलिवरी को ट्रांसपेरेंट बनाया गया**

भारत में सरकारी योजनाओं की डिलिवरी को ट्रांसपेरेंट बनाया गया है। पहले की सरकारें 10 करोड़ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे भेज रही थीं जिनका जन्म ही नहीं हुआ था। ये पैसे बिचौलिए खा रहे थे। इसे बंद किया गया। जिससे 4.20 लाख करोड़ रुपए की चोरी रुक गई। अब ये पैसा देश के काम आ रहा है। सिर्फ करप्शन और लीकेज ही नहीं अनावश्यक नियम कानून देश हित में बाधा थे। हमने 1500 से ज्यादा पुराने कानून समाप्त किए कई कानून अंग्रेजों के जमाने थे जो रोड़ा बने थे।

**कर्मचारियों को सही वर्क एनवायरमेंट मिलेगा**

21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी की आधुनिक व्यवस्था और इमारतें चाहिए। ऐसी बिल्डिंग जो टेक्नोलाजी और सुविधा के हिसाब से बेहतरीन हों। इसलिए कर्तव्य भवन जैसी विशाल इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसी ही कई इमारतें बनाई जाएंगी। ताकि कर्मचारियों को सही वर्क एनवायरमेंट मिलेगा।

**कर्तव्य भवन हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष**

क्रांति का महीना अगस्त और 15 अगस्त से पहले ये ऐतिहासिक अवसर है। हम एक के बाद एक आधुनिक भारत के निर्माण से जुड़ी उपलब्धियों के साक्षी बन रहे हैं। दिल्ली में कर्तव्य पथ, नया संसद भवन, रक्षा भवन, भारत मंडपम, यशो भूमि, नेशनल वॉर ममोरियल, सुभाष चंद्र की प्रतिमा, ये केवल कुछ नए भवन और सामान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कर्तव्य पथ भवन ये नाम हमारे लोकतंत्र की हमारे संविधान की मूल भावना का उद्घोष करते हैं।

**कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में**

आजादी के बाद देश की एडमिनिस्ट्रेटिव उन बिल्डिंग से चलाई गईं जो अंग्रेजों के समय में बनी है। होम मिनिस्ट्री करीब 100 साल से एक ही बिल्डिंग में चल रही थी। अलग अलग मंत्रालय दिल्ली के 50 अलग अलग जगहों से चल रहे हैं। कुछ मंत्रालय किराए की बिल्डिंग में हैं। किराए में डेढ़ हजार करोड़ रुपए जाते हैं।

## धराली त्रासदी : 5 लोगों की मौत, 1 शव बरामद,11 जवानों का रेस्क्यू

### 100 से ज्यादा लापता, केरल के 28 टूरिस्ट का भी सुराग नहीं



**देहरादून (ए)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाकों धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और आर्मी बचाव कार्य में जुटी हैं।

आईटीबीपी के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया कि 400 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 100 से ज्यादा अभी भी फंसे हैं। सेना के 11 लापता जवानों का रेस्क्यू कर लिया गया है। बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी की। इधर, केरल के 28 टूरिस्ट्स का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा- एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। गंगोत्री तीर्थयात्रियों के प्रमुख पड़ाव धराली गांव के बाजार-मकान, होटल बह गए खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से बहे, सिर्फ 34 सेकेंड में ये बर्बादी हुई।

**हिमालय की दरार पर बसा है धराली, 10 साल में तीसरी बार तबाह हुआ :** धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई।

### मोदी ने धामी से ली धराली आपदा और राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी



**नई दिल्ली/देहरादून (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत कर उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में मंगलवार को आयी प्राकृतिक आपदा तथा राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। श्री धामी ने बातचीत के दौरान श्री को बताया कि राज्य सरकार राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता के साथ जुटी हुई है। लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण कुछ क्षेत्रों में कठिनाइयां आ रही हैं, लेकिन सभी संबंधित एजेंसियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं, ताकि प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री ने श्री धामी को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। बातचीत के बाद, मुख्यमंत्री धराली बाजार, हर्षिल एवं आसपास के क्षेत्रों में आपदा से हुयी क्षति का निरीक्षण करने के लिए सहस्त्रधारा हेलीपैड से निकल गये।

## डीएमएफ घोटाला : कारोबारी सूर्यकांत को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

### कोयला लेवी मामले में अंतरिम ज़मानत रद्द करने से इनकार, वकील बोले-जांच में सहयोग देंगे

समवेत शिखर न्यूज



**नई दिल्ली/रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चर्चित डीएमएफ घोटाले में गिरफ्तार कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी है। वहीं, कोयला लेवी 'घोटाला' मामले में सूर्यकांत तिवारी को दी गई अंतरिम ज़मानत रद्द करने से इनकार कर दिया है। इस मामले में सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी, शशांक मिश्रा और तुषार गिरि ने सूर्यकांत तिवारी की ओर से अदालत में पक्ष रखा गया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि, सूर्यकांत तिवारी को निर्धारित कानूनी शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी जाती है। अधिवक्ताओं ने आश्वस्त किया कि उनके मुवक्किल सभी शर्तों का पूर्णतः पालन करेंगे और जांच में सहयोग देंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने कहा कि, मई के आदेश के तहत तिवारी पर शर्त लगाई। जिसके अनुसार वह जांच एजेंसियों/निचली अदालतों द्वारा आवश्यक होने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य में रहेंगे।

## भूपेश की मनी-लॉन्ड्रिंग एक्ट को चुनौती, अब 11 अगस्त को सुनवाई

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रवर्तन निदेशालय के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका पर अब सुनवाई 11 अगस्त को होगी। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 44 को चुनौती दी गई थी। भूपेश बघेल की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। अब यह मामला सोमवार को दोबारा सुना जाएगा। इस केस की सुनवाई कर रही पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भूइयां और जस्टिस एनके सिंह शामिल हैं।



**पहले प्राथमिक आपत्तियों पर होगी बहस, फिर मेरिट पर :** सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि- हम पहले प्रारंभिक आपत्तियों को सुनेंगे। इसके बाद उन पर जवाब सुना जाएगा और फिर हम मेरिट्स (मामले के गुण-दोष) पर आएंगे।

## बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों के विवरण शनिवार तक दें चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाये गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे।



न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुयान और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया। पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा कि शनिवार तक जवाब दाखिल करें और श्री भूषण को इसे देखने दें। फिर हम देख पाएंगे कि क्या खुलासा हुआ है और क्या नहीं। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार हर राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को यह जानकारी दी जाएगी। इस पर चुनाव आयोग के अधिवक्ता ने कहा कि वह प्रस्तुत करेगा कि यह जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जानकारी साझा की गई है। अदालत ने चुनाव आयोग से कहा कि वह अपना जवाब रिकॉर्ड पर रखें। पीठ ने निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता से कहा, ÷उन राजनीतिक दलों की सूची दीजिए जिन्हें यह जानकारी दी गई है। हम 12 अगस्त को मामले की सुनवाई करेंगे। तब तक अपना (निर्वाचन आयोग का) जवाब दाखिल करें। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता की चिंताओं पर कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित होने वाले प्रत्येक मतदाता को आवश्यक जानकारी मिले।

**उद्योग** » **मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बन रहा टेक्नोलॉजी हब**

## नवा रायपुर में कामन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को मिली मंजूरी

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में आत्मनिर्भर बनेगा राज्य

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिली है। अब राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्टिंग या प्रोटोटाइपिंग के लिए बेंगलुरु, पुणे या नोएडा जैसे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाय) ने नवा रायपुर में कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि और आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में तैयार इस परियोजना से राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, स्टार्टअप और युवाओं के लिए नया युग प्रारंभ होगा। यह परियोजना छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति के अनुरूप निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। कॉमन फैसिलिटी सेंटर नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-22 में 3.23 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 108.43 करोड़ रुपये है, जिसमें से 75.00 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भारत सरकार के एमईआईटीवाय मंत्रालय द्वारा ईएमसी 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। शेष 33.43 करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाएंगे तथा भूमि की उपलब्धता नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरएएनवीपी) द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। यह कॉमन फैसिलिटी सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने हेतु एक साझा एवं अनुकूल वातावरण निर्मित करेगा। जहां प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) प्रोटोटाइपिंग, 3डी प्रिंटिंग, ईएमसी परीक्षण और वुड वर्कशॉप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। (शेष पेज-5 पर)



**टेक्नोलॉजी क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि : मुख्यमंत्री साय**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस परियोजना को टेक्नोलॉजी क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह पहल राज्य को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से समृद्ध बनाएगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि उद्योगों को विश्वस्तरीय परीक्षण और प्रोटोटाइपिंग सुविधाएं भी सुलभ होंगी, जिससे छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक पावरहाउस बनकर उभरेगा। आवास और पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर जैसी परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी। इससे स्थानीय स्टार्टअप्स, युवाओं और उद्यमियों को अत्याधुनिक संसाधन मिलेंगे, जो पहले बड़े शहरों तक ही सीमित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह पहल डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी बनाएगी।

## हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित



**नई दिल्ली (ए)।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर लोकसभा में विपक्षी दलों का हंगामा बुधवार को भी जारी रहा जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद तीसरी बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु की तो विपक्षी दलों के सदस्य हाथों पर तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए सदन के बीचो-बीच आकर हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी ने उन्हें हंगामा नहीं करने तथा अपनी सीट पर जाकर सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया लेकिन वे नहीं माने और हंगामा चलता रहा। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि सरकार विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए किसी भी मुद्दे पर सदन में चर्चा करने के लिए तैयार है लेकिन सदन में जो भी काम होंगे वह संवैधानिक प्रावधान के तहत और लोकसभा की आचार संहिता के अनुसार ही किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### हर घर तिरंगा फहराने की अपील निकलेगी तिरंगा यात्रा

**साजा।** भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार देश में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बी.के.लोनहरे ने समवेत शिखर न्यूज टीम से चर्चा के दौरान बताया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम में स्वच्छता को लेकर थीम निर्धारित किया गया है।




**हर घर फहराए तिरंगा-सीएमओ :** बीते दिवस नगर पंचायत कार्यालय में स्वतंत्रा और स्वच्छता को लेकर हर घर तिरंगा फहराने कार्यक्रम विषयक बैठक आयोजित किया गया जिसमें आज दिवस में सुबह 8 बजे से तिरंगा यात्रा निकालते हुए हर घर तिरंगा फहराने को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सीएमओ श्री लोनहरे ने आगे बताया कि उक्त कार्यक्रम 15 अगस्त तक जारी रहेगी, जिसमें रंगोली, सेल्फी जोन, लाइटिंग, पाम्पलेट, बैनर, स्टैंडीज हेतु महिला समूहों को जिम्मेदारी दिया जाना तय हुआ है।

### प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर निर्माण कार्यों के लिए 25 लाख 10 हजार 700 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**कवर्धा।** कैबिनेट मंत्री व कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए प्रभारी मंत्री मद से 25 लाख 10 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा, कवर्धा और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। प्रभारी मंत्री मद से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बानों में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आहता निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भागुटोला में सरस्वती शिशु मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए, उपपंजीयक कार्यलय बोड़ला में विश्राम के लिए सीमेंट कुर्सी एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 60 हजार 700 रूपए और उपपंजीयक कार्यलय बोड़ला में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 50 हजार उरूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।



### हड़ताल के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर ने सहायक अधीक्षकों को सौंपा प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हड़ताल अवधि में तहसीलों में कार्यालयीन कार्यों के सुचारू संपादन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के अंतर्गत भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेखों को तहसीलवार प्रशासनिक प्रभार सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख अजय कुमार मेरावी को तहसील दुर्ग का, आलोक शुक्ला को तहसील बोरी का तथा श्याम लाल साहू को तहसील पाटन का प्रशासकीय प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार सहायक अधीक्षक, भू-अभिलेख श्री शंकर प्रसाद तिवारी को तहसील अहिवारा का, श्रीमती प्रभा चन्द्राकर को तहसील भिलाई-3 का तथा संतोष कुमार नागरे को तहसील धमधा का प्रभार दिया गया है।

### मृतकों के परिजनों को मिली 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउस नं. 204, वार्ड नं. 09, दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्रीमती झामबती साहू की विगत 30 मई 2020 को वाहन सहित कोटनी शिवनाथ नदी एनीकेट के पास नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार बिजली नगर छावनी भिलाई जिला दुर्ग निवासी पवन यादव की विगत 02 जुलाई 2020 को नहाते समय पानी में डुबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. श्रीमती झामबती साहू की पुत्रवधु श्रीमती नीतू साहू, पुत्री भूमिका साहू और हेमलता साहू को संयुक्त रूप से 4 लाख और स्व. श्री पवन यादव के भतीजा गुलाबचंद यादव, भाभी श्रीमती मीना यादव तथा बहन सहोद्रा यादव और अमरिका यादव को संयुक्त रूप से 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# शिवराज सिंह ने पीएम जनमन योजना में छत्तीसगढ़ को 100 पुल निर्माण सहित 375.71 करोड़ रु. की दी स्वीकृति

## मोदी सरकार विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : शिवराज सिंह

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों को मजबूती देते हुए आज केंद्र सरकार की ओर से राज्य में 100 पुलों और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 375.71 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की।

शिवराज सिंह ने नई दिल्ली में उनसे मिलने आए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा को स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए इसकी घोषणा की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि पीएम जनमन बैच-II (2025-26) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को 375.71 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 6,569.56 मीटर के 100 पुल स्वीकृत किए हैं। इस स्वीकृति के साथ राज्य को अब तक 715 सड़कें (2,449.108 किलोमीटर) एवं 100 पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य दूरदराज और अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) को सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

स्वीकृति राशि की मदद से निर्मित सड़कें एवं पुल पीवीटीजी आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बदलने में एक बड़ा बदलाव साबित होगी और उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी। साथ ही इस कदम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना भी पूरी होगी।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उप मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क और पुलों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ फास्ट ट्रैक मोड में पूरा हो, यह प्रसन्नता की बात होगी।

बैठक में राज्य में चावल के भंडारण के लिए वैकल्पिक उपाय, ग्रामीण और पंचायत स्तर पर व्यवस्था को मजबूत करने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नए घरों की स्वीकृति हेतु सर्वे एवं अन्य विभिन्न विषयों पर भी चर्चा एवं भावी रणनीतियों पर बातचीत हुई।

# रामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग से 149 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महत्वपूर्ण योजना 'रामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत आज दुर्ग जिले से रामभक्तों का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 149 श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से रवाना किया गया, जिनमें 120 श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्र से तथा 29 शहरी क्षेत्र से शामिल हैं। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे, कमिश्नर सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं को स्टेशन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। तीर्थयात्री 9 अगस्त की रात को अयोध्या दर्शन कर लौटेंगे। रवाना होते समय श्रद्धालुओं को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' की प्रतियां भी भेंट की गई। श्रद्धालुओं ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर वर्ग को इस योजना का लाभ मिल रहा है।



# भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना समाप्त करना जनता पर अत्याचार : कांग्रेस

### दुर्ग में आज होगा बड़ा विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन और लालटेन सौंपेंगे कांग्रेसी

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** राज्य सरकार द्वारा हाफबिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा समाप्त करने, बिजली दरों में भारी वृद्धि और योजना को सीमित करने के फैसले के खिलाफकांग्रेस ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बुधवार को दुर्ग राजीव भवन में पत्रकार वार्ता लेकर कहा कि भाजपा की साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट तक की खपत पर ही बिजली बिल आधा करने का निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश के अधिकांश उपभोक्ता योजना से वंचित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय 400 यूनिट तक बिजली बिल आधा करने की योजना से 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिला था, जिससे पांच साल में प्रत्येक को 40 से 50 हजार रुपये तक की बचत हुई। अब 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर पूरा बिल वसूला जाएगा और 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि यह निर्णय हर वर्ग– अमीर, गरीब, किसान– सभी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल देगा। कांग्रेस कार्यकाल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति होती थी, गर्मी में मांग बढ़ने पर अन्य राज्यों से बिजली खरीदी जाती थी, जबकि वर्तमान सरकार में कटौती और लो वोल्टेज की समस्या आम हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि ग्रीन टैक्स, कोयले की महंगी खरीद, रेलवे मालभाड़ा वृद्धि, डीजल पर एक्साइज ड्यूटी और अडानी से कोयला खरीद की बाध्यता के कारण उत्पादन लागत बढ़ी है, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है। साथ ही स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर के जरिए अधिक बिल भेजने का आरोप भी लगाया गया। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के इस अन्यायपूर्ण फैसले के विरोध में कल दुर्ग में बड़ा प्रदर्शन होगा। इसमें राज्य सरकार का पुतला दहन किया जाएगा और बिजली अधिकारियों को लालटेन सौंपकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# शहर के हर कोने में विकास कार्य समान रूप से पहुंचे, यह उनकी प्राथमिकता है : महापौर

### महापौर और आयुक्त ने विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक, समय सीमा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज नगर निगम के डाटा सेंटर में वार्डवार इंजीनियरों के साथ शहर में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से सड़कों के निर्माण, नालियों की मरम्मत एवं सफाई, डेयरी संचालकों पर कार्रवाई और पार्क क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था पर चर्चा हुई।

बैठक मे कार्यपालन अभियंता आरके जैन,हरिशंकर साहू,मोहित मरकाम,श्रीमती अर्पणा मिश्रा, विकास दमाहे,श्रीमती प्रेरणा दुबे, श्रीमती ठाकुर आदि मौजूद रहे। बैठक में महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के हर वार्ड में जहां भी सड़कों और नालियों की तत्काल आवश्यकता है, वहां की स्थिति का सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें। इसके आधार पर प्रस्ताव बनाकर पूरी जानकारी के साथ दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण न केवल नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाता है, बल्कि यह शहर के विकास का भी स्पष्ट संकेत है। महापौर ने कहा कि दुर्ग को आदर्श शहर बनाने के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देशन और नगर विकास विभाग के सहयोग से सड़कों के निर्माण के साथ-साथ नाले-नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, पार्कों की सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने इंजीनियरों को दादा-दादी और नाना-नानी पार्क की नालियों का निरीक्षण कर यह पता लगाने के निर्देश दिए कि नालियां बार-बार ब्लॉक क्यों हो रही हैं, और इसका स्थायी समाधान निकाला जाए। बैठक में महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन कार्यों की सूची सप्ताहभर पहले अधिकारियों से मांगी गई थी, उनकी पूरी जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तावों में कार्य की प्राथमिकता, अनुमानित लागत और अपेक्षित समयसीमा का उल्लेख होना चाहिए।

# प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में 'स्तनपान सप्ताह' कार्यक्रम आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आज प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. जांबुलकर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. ओमेश खुराना ने स्तनपान की आवश्यकता, जन्म के पहले छह माह तक केवल माँ के दूध की महत्ता तथा पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के पोषण संबंधी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खेलों के माध्यम से बच्चों और उपस्थित जनों को यह भी समझाया कि माँ के दूध का कोई विकल्प नहीं है, और यह जच्चा-बच्चा दोनों के लिए संपूर्ण पोषण का स्त्रोत है। इसके साथ ही लेखराम ध्रुव द्वारा वित्तीय प्रबंधन एवं ऑनलाइन डिजिटल सुरक्षा के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने साइबर टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी देते हुए बच्चों को सतर्क रहने की सलाह दी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और करियर की दिशा तय करने पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। साथ ही विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे-महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 और कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा आदि की विस्तृत जानकारी साझा की।

# युक्तियुक्तकरण नीति बनी ग्रामीण शिक्षा की रीढ़ विषय विशेषज्ञ शिक्षक पहुंचे दूरस्थ स्कूलों तक

### गणित, जीवविज्ञान और अर्थशास्त्र जैसे प्रमुख विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों में बढ़ा आत्मविश्वास

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में संतुलन, पारदर्शिता और परिणाममुखी व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति अब जिले के विद्यालयों में बदलाव की मिसाल बनकर उभर रही है।

इस नीति के माध्यम से कबीरधाम जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में लंबे समय से चली आ रही विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी को दूर किया गया है। खासतौर पर गणित, जीवविज्ञान और अर्थशास्त्र जैसे प्रमुख विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति से न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है, बल्कि उनकी शैक्षणिक प्रगति और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में भी अभूतपूर्व सुधार देखने को मिल रहा है। यह पहल विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में शासन की दूरदर्शी सोच और जनहितैषी दृष्टिकोण का प्रमाण है। कबीरधाम जिले में गणित विषय के लिए शासकीय हाईस्कूल बोदा 03, शास. उ.मा.वि. झलमला, उडियाखुर्द, बा. चारभाठा और रवेली में शिक्षकों की तैनाती की गई है। गणित जैसे विषय में शिक्षक की अनुपलब्धता छात्रों के आत्मविश्वास और परिणामों पर सीधा असर डालती थी। अब विद्यार्थियों को वर्ग, त्रिकोणमिति, बीजगणित जैसे जटिल विषयों को समझने में आसानी हो रही है। जीवविज्ञान विषय की बात करें तो शासकीय हाईस्कूल कोसमंदा, दशरंगपुर, कोडापुरी, सारंगपुर कला और मिनमिनिया जंगल में विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। ये स्कूल दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं जहाँ जीवविज्ञान जैसे प्रयोगात्मक विषय के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की अत्यधिक आवश्यकता थी। अब इन विद्यालयों में विद्यार्थी प्रयोगशाला गतिविधियों के साथ गहन अध्ययन कर पा रहे हैं, जिससे उनका सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान दोनों मजबूत हो रहा है। अर्थशास्त्र विषय के लिए शास. उ.मा.वि. कुण्डा और दशरंगपुर में शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। अर्थशास्त्र जैसे विषय में विशेषज्ञता के अभाव के कारण ग्रामीण छात्र पिछड़ रहे थे। लेकिन अब बाजार सिद्धांत, विकास की अवधारणाएँ और भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे जटिल विषयों को समझना छात्रों के लिए सहज हो गया है। युक्तियुक्तकरण नीति के चलते अब शिक्षकों का संतुलित वितरण हो रहा है और प्रत्येक विद्यालय में विषयानुसार पढ़ाई संभव हो रही है।

# मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती कबीरधाम जिले की महिलाएं : रश्मि विजय शर्मा

### फलों एवं सब्जियों के आचार बनाने की विधि पर प्रकाशित पाम्पलेट का किया गया विमोचन

समवेत शिखर संवाददाता




**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में 06 अगस्त 2025 को मशरूम उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा शामिल हुए। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा द्वारा कौशल भारत एवं ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के 106 महिला प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन एवं माली प्रशिक्षण प्रदाय किया गया।

सफल प्रशिक्षणार्थियों को पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया तथा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा फलो एवं सब्जियों के आचार बनाने की विधि पर प्रकाशित पाम्पलेट कर विमोचन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमती सविता ठाकुर, श्रीमती निशा साहु,कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के वैज्ञानिक इंजी. टी. एस. सोनवानी, डॉ. बी. एस. परिहार एवं डॉ. एन.सी. बंजारा एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं कृषि में पुरूषों के बराबर भागीदार बन रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कि जा रही है। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेकर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने का अनुरोध किया गया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि मशरूम प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें 20-35 प्रतिशत प्रोटीन की मात्रा विद्यमान रहती है। इसमें विटामीन सी, विटामीन डी, पोटेशियम, फास्फोरस, सोडियम तथा सूक्ष्म मात्रा में लोहा भी पाया जाता है। जो मानसिक तनाव से ग्रसित मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें वसा, स्टार्च, कोलेस्ट्राल की मात्रा कम होती है। प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदाय किया गया।

**मशरूम उत्पादन के लिए लगने वाले आवश्यक सामाग्री :** प्रशिक्षण में बताया गया कि मशरूम उत्पादन के लिए पैराकुट्टी, गेहूँ भूसा, धान भूसा, पॉलीथीन की थैलियॉ, नॉयलोन रस्सी, मशरूम बीज, प्लास्टिक ड्रम, बांस की टोकरी, गर्मपानी, बाविस्टिन एवं फर्मोलिन की जानकारी दी गई। कृषकों को मशरूम उत्पादन के विस्तृत विधि में भूसे के उपचार, बीजाई, फसल प्रबंधन, तोड़ाई आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को बाताया गया कि मशरूम की पहली फसल बीजाई के 15-20 दिन प्राप्त होने लगता है तथा 1 बैग से 2-3 बार फसल ले सकते है। मशरूम उत्पादन कर किसान अपने फसल अवशेषों का उपयोग कर सकते हैं तथा अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। 1 किलोग्राम मशरूम उत्पादन में लगभग 15-20 रूपये लागत आती है। जिसे आसानी से बाजार में 100-150 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से बेच सकते है। मशरूम उत्पादन में अन्य फफूंदो का संक्रमण एवं चूहों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। माली प्रशिक्षण अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को बगीचो के स्थापना एवं रख-रखाव के संबंध में विस्तार से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सजावटी पौधें, फलदार एवं फुलदार पौधें तैयार करने की विभिन्न विधियों जैसे बीज, कलम, लेयरिंग, बडिंग, कटिंग विधियों द्वारा पौधे तैयार करना सिखाया गया। साथ ही पौधे की सधाई एवं कटाई का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

# रिसाली में आयोजित नेवता भोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर

### पौष्टिक खानपान, स्वच्छता, पढ़ाई और योग करने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री पोषण अभियान योजना अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, रिसाली में भूपेन्द्र बाबी दास के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित नेवता भोज कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहभागिता कर बच्चों को भोजन वितरण किया गया और बच्चों के साथ पौष्टिक भोजन ग्रहण किया। यह आयोजन न केवल सेवा और सद्भाव का प्रतीक रहा, बल्कि बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान से आत्मा को विशेष संतोष मिला। बच्चों को सुपोषण एवं प्रोत्साहन देना ही राष्ट्र की सच्ची सेवा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह सहित अन्य उत्साह के अवसरों पर हम सब मिलकर स्कूल के बच्चों के साथ मनाएं।आज बाबि दास ने सार्थक पहल किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का पौष्टिक भोजन करा सकते है या उनके भोजन में पौष्टिक भोज्य पदार्थ शामिल कर सकते है। विभिन्न त्यौहारों, अवसरों वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं। पौष्टिक खानपान, स्वच्छता, पढ़ाई और योग करने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल अनुपम साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू पार्षद सुनंदा चंद्राकर, पार्षद धर्मेंद्र भगत किशोर जोशी भूपेन्द्र बाबी दास, महामंत्री दशरथ साहू आसपुरन चौधरी जी, प्राचार्य देवेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री साय से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश भर में चलाए गए 'एक राखी सैनिक भाइयों के नाम' अभियान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में हमारे देश की सीमा पर तैनात सैनिक भाईयों के सम्मान में ÷एक राखी सैनिक भाईओं के नाम' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के बुलबुल, गाइड और रेंजर बहनों द्वारा हस्त निर्मित राखियां सैनिक भाईयों के लिए प्राप्त हुई है। ये राखियां हमारे सैनिक भाइयों को प्रेषित की जाएंगी।

### एपीके फाइल से कारोबारी का मोबाइल हैक, 12 लाख पार

**रायपुर।** रायपुर में एक कारोबारी साइबर फ्रॉड का शिकार हो गया है। ठगों ने उसे वॉट्सऐप पर क्क फाइल भेजा, जिसे डाउनलोड करते ही कारोबारी का मोबाइल हैक हो गया। फिर ठगों ने 38 ट्रांजैक्शन में बैंक अकाउंट खाली कर दिया। कारोबारी के करीब 12 लाख से ज्यादा रुपए ठगों ने पार कर दिए हैं। मामला राखी थाना क्षेत्र का है। पीड़ित महेश कुमार साहू ने बताया कि उसकी ट्रैक्टर रिपेयरिंग की वर्कशॉप है। 17 जुलाई को टैफे स्पेयर रिपेयर नाम के वॉट्सऐप ग्रुप में पीएम किसान योजना से जुड़ी एक एपीके फाइल भेजी गई। फाइल डाउनलोड करते ही कुछ देर बाद महेश के मोबाइल की बैटरी गर्म होनी होने लगी और फोन बार-बार हैंग करने लगा। इससे महेश को शक हुआ कि उसका फोन हैक हो गया है।

### यात्री ट्रेनें रद्द करने पर आम आदमी पार्टी ने एसईसीआर रेलवे को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने इस त्यौहारी सीजन में एसईसीआर द्वारा आने वाले कुछ दिनों में 26 एक्सप्रेस और 4 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं 6 ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाने और 5 ट्रेनों को बीच स्टेशन पर ही रद्द कर देने पर डीआरएम रायपुर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें आम आदमी पार्टी में रेलवे विभाग से आग्रह किया है कि अभी त्यौहार का सीजन चल रहा है और आम जनता देश के सबसे बड़े परिवहन का उपयोग करती है, अगर इस तरह ट्रेनें रद्द होंगी तो यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वैसे भी बिलासपुर और रायपुर मंडल में पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द हो चुकीं हैं और टिकट कैंसिल से रेलवे को हर माह करोड़ों का नुकसान हो रहा है जबकि मालगाड़ी ट्रेनों का परिचालन नियमित हो रहा है।रेलवे की रद्द ट्रेनों के कारण टिकट कैंसिलेशन से रायपुर मंडल को हर माह लगभग 18 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

### रायपुर एसएसपी ने माना टीआई को किया लाइन-अटैच

**रायपुर।** रायपुर एसएसपी ने माना थाना प्रभारी यमन देवांगन को लाइन अटैच कर दिया है। बताया जा रहा है कि वीआईपी रोड में पेट्रोलिंग के दौरान चेकिंग कार्रवाई में एक गाड़ी से साढ़े 10 लाख रुपए कैश बरामद हुए थे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कैश को पुलिस स्टेशन ले आए। इस संबंध में थाना प्रभारी समेत स्टाफ ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस बात की सूचना मिलते ही एसएसपी ने तीन स्टाफ को सस्पेंड भी किया है। एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह के मुताबिक, 4 और 5 अगस्त की दरमियानी रात माना थाना की पेट्रोलिंग टीम चेकिंग कार्रवाई कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की गाड़ी में साढ़े 10 लाख रुपए कैश मिले। कैश मिलने के बाद हवलदार और 2 अन्य पुलिसकर्मियों ने व्यक्ति को अगले दिन थाने आकर पैसे वापस लेने की बात कही। बताया जा रहा है कि जब व्यक्ति थाने पहुंचा तो बिना कोई कार्रवाई के कैश वापस लौटा दिया गया।

# जनभागीदारी से करें आदिवासी बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास : मुख्यमंत्री साय

### आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास जनभागीदारी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत पूरे देश में आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में 20 लाख स्वयंसेवकों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य की भागीदारी सक्रिय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1,32,400 वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे जनभागीदारी और जनजागरूकता के माध्यम से समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि युवाओं को वॉलंटियर्स के रूप में रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य गांवों में बुनियादी अधोसंरचना और सुविधाओं में जो भी 'क्रिटिकल गैप' शेष हैं, उनकी पहचान की जाए और आगामी 2 अक्टूबर 2025 को ग्राम सभाओं में इस पर विशेष चर्चा की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इन कमियों को दूर करने के लिए स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आवश्यक ठोस कदम उठाए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि हर ग्राम बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त हो। बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत ग्रामों में 'आदि सेवा केंद्र' स्थापित किए जाएंगे, जो न केवल मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में सहायक होंगे, बल्कि योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सतत क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में धरती आबा और पीएम-जनमन जैसे संतृप्तिमूलक अभियानों की भी शुरुआत की गई है, जिनके अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्रामों एवं पीवीटीजी बस्तियों में आवास, पक्की सड़कें, जलापूर्ति, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 से 28 जुलाई 2025 के मध्य सम्पन्न किया जा चुका है तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की सूची भारत सरकार को प्रेषित की जा चुकी है।

आगामी गतिविधियों में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिन्हें शीघ्र क्रियान्वित किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, संयुक्त सचिव डॉ. रवि मित्तल, आदिम जाति कल्याण विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व पर रायपुर से विशेष ट्रेन चलाने की मांग

### सांसद बृजमोहन के नेतृत्व में रेल मंत्री से मिले सिख समाज के लोग

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को रायपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह छाबड़ा समेत समिति के अन्य सदस्यों ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व पर रायपुर से विशेष सिमरन यात्रा के लिए एक विशेष ट्रेन चलाने की मांग की। सिख समाज हर वर्ष 24-25 नवंबर को गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाता है। 25 नवंबर 2025 को यह ऐतिहासिक पर्व अपने 350वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जिसे सिख समाज देश-विदेश में भव्य रूप से मनाने की तैयारी कर रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से लगभग 1000 श्रद्धालुओं की दर्शन-सिमरन यात्रा 13 नवंबर से रायपुर से प्रारंभ होकर श्री नांदेड़ साहिब, श्री आनंदपुर साहिब, श्री दमदमा साहिब, श्री अमृतसर साहिब, दिल्ली गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब, श्री पटना साहिब, श्री घुबरी साहिब, असम (जहां श्री गुरु तेग बहादुर जी के चरण पड़े थे) श्रद्धालु 25 नवंबर को श्री घुबरी साहिब में आयोजित शहीदी पर्व समारोह में भाग लेंगे और फिर 27 नवंबर को रायपुर लौटकर यात्रा पूर्ण होगी।



# राजस्व अधिकारियों की मांगों पर बनी सहमति, हड़ताल समाप्त

### राजस्व मंत्री की पहल से वार्ता सफल, विभागीय कार्य नियमित रूप से होंगे संचालित

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** राजस्व संघ के संसाधन नही तो काम नही सिद्धान्त पर आधारित 17 सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु विगत सकारात्मक पहल नही होने पर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन पर बैठे राजस्व अधिकारियों ने राजस्व मंत्री के सकारात्मक पहल और ठोस आश्वासन पर आज हड़ताल से वापस हो गए। राज्य में गत कुछ दिनों से चल रही राजस्व अधिकारियों की हड़ताल अब समाप्त हो गई है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के निवास कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक के बाद राजस्व संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर कहा, राजस्व विभाग शासन की रीढ़ है, और अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी समस्याओं को शासन गम्भीरता से लेता है और उचित समाधान हेतु कटिबद्ध है।

इस अवसर पर राजस्व सचिव, राजस्व संचालनालय के संचालक तथा उप सचिव भी उपस्थित रहे। संघ के प्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर अपनी मांगों एवं समस्याओं को सामने रखा। मंत्री वर्मा ने उनकी सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए समाधान हेतु आवश्यक आश्वासन दिए। संघ पदाधिकारियों ने भरोसा जताया कि राज्य शासन द्वारा समयबद्ध ढंग से उनकी मांगों का समाधान किया जाएगा। मंत्री वर्मा ने राजस्व विभाग को सुचारू बनाए रखने हेतु तत्परता से पहल की। राजस्व सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संघ के प्रतिनिधियों से विस्तृत विमर्श कर समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त किया। संघ द्वारा प्रस्तुत मुख्य मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए प्रशासन ने कई अहम बिंदुओं पर सहमति जताई है। परिणामस्वरूप, राजस्व अधिकारियों ने हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्यभार संभालने की घोषणा की है। डिप्टी कलेक्टर के पदों पर पदोन्नति/ सीधी भर्ती पर 50:50 अनुपात की बहाली पर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व अधिकारियों को राजपत्रित दर्जा दिए जाने की मांग पर नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को राजपत्रित करने संबंधी प्रस्ताव पर शासन ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। लंबित पदोन्नति प्रकरणों का निराकरण करते हुए नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों के लंबित ग्रेड पे और पदोन्नति मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा।

# संयम से मिलेगा सुख और सुरक्षा : मनीष सागरजी महाराज

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में बुधवार को चातुर्मासिक प्रचवनमाला में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने संयम में रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जब सीमाओं का उल्लंघन होता है तो समस्याओं का प्रारंभ होता है। जब तक व्यक्ति सीमा में होगा, तब तक सुरक्षित और सुखी होगा। जब सीमा का उल्लंघन करेगा तो सुरक्षा और सुख चला जाएगा। दुख आ जाएगा। हम अपने बच्चों को भी सीमा में रहने की सीख देते हैं। सीमा में रहना अर्थात संयम में रहना। हम कभी भी संयम लेना नहीं चाहते। यदि संयम में रहेंगे तो बंदिश में जीना होगा, यह हमारी सबसे बड़ी गलतफहमी है।



उपाध्याय भगवंत ने कहा कि असंयम कभी अच्छा नहीं होता। असंयम मतलब आजादी, संयम मतलब बंधन, हम यह मान बैठे हैं। यह हम मानते हैं तो यह हमारी बड़ी गलतफहमी है। संयम में जीने का प्रयास कर लोगे तो जीना सरल लगेगा।।संयम में रहने की आदत होगी तो दिनचर्या भी संयमित होगी। संयम में रहोगे तो शॉर्ट टर्म पेन लेकिन लॉन्ग टर्म गेन। यदि असंयम में रहोगे तो लॉन्ग टर्म पेन और शॉर्ट टर्म गेन होगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि ऐसा आनंद कोई काम का नहीं है, जो बाद में दुखी करें। ऐसा दुख काम का है, जो बाद में सुखी करें। आप अपनी सोच से जरूर स्वतंत्र होंगे, लेकिन अपने मन से पूछना वास्तविकता क्या है। असंयम मन, वचन और काया से भी होता है। गृहस्थी के भीतर पति-पत्नी दोनों को संयमित होना चाहिए। यदि एक संयमित नहीं होगा तो जीवन की गाड़ी पटरी पर नहीं चलेगी। मन, वचन और काया के असंयम पर लगाम लगाना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि असंयम का भुगतान जीवन में करना ही होगा। अक्सर असंयम में आप गलती कर लेते हो और बाद में पछताते हो। ऐसा नहीं करना हो तो संयम से प्रेम करो। संयम को पसंद करो। संयमी जीवन को अपना आदर्श जीवन मानो। संयमी जीवन ही अनुशासित जीवन है। जीवन भार रूप नहीं होना चाहिए। जीवन सदैव आनंद रूप होना चाहिए। भार रूप होगा तो अस्थाई होगा। आनंद रूप होगा तो स्थाई होगा। हमको संयम की जीवन शैली सही करना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अव्यवस्थित जीवन को यदि व्यवस्थित करना है तो अपने आचार्यों की शिक्षा को स्वीकार करें श्रद्धा के साथ उसे जीवन में अपनाएं।

# पीएम सूर्यघर योजना के लिए हुए स्पॉट रजिस्ट्रेशन

### प्रदेशभर के विद्युत क्षेत्रीय कार्यालयों में शिविर का आयोजन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उपभोक्ता हाफ बिजली से मुफ्त बिजली बिल की योजना ओर ले जाने क्षेत्रीय कार्यालयों में ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चला रही है, जिसके तहत आज प्रदेश के सात क्षेत्रीय मुख्यालयों में रूफटॉफ सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ किया गया। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर ने राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में इस शिविर का आगाज किया। वहां 100 से अधिक आवेदकों ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने आवास में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने कहा कि हमें स्वच्छ और हरित ऊर्जा के मामले में कदम बढ़ाना है, इसके लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है, जो हर उपभोक्ता को बिजली उत्पादक बना देगी। भारत सरकार से 1 लाख 30 हजार प्लांट लगाने का लक्ष्य मिला है, इसे पूरा करने में सबसे पहले पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी आगे आएं, ताकि आपके आस-पड़ोस व मोहल्ले के लोग उसे देखकर प्रेरित हों और वे भी सोलर प्लांट लगवाने आवेदन करें। हमें जितना लक्ष्य मिला है, उससे अधिक प्लांट लगाना है। इसके लिए विभिन्न स्थान पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। पहले दिन रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर क्षेत्रीय कार्यालयों में शिविर की शुरूआत की गई है। जिसमें स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा आम लोगों ने भी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।



### स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जन्माष्टमी, पर्यूषण पर्व व श्रीगणेश चतुर्थी पर मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस दिनांक 15 अगस्त, कृष्ण जन्माष्टमी दिनांक 16 अगस्त, पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस दिनांक 19 अगस्त, श्रीगणेश चतुर्थी दिनांक 26 अगस्त,, पर्युषण पर्व का अंतिम दिवस दिनांक 27 अगस्त 2025 को मांस -मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर पालिक निगम स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रीति सिंह ने स्वतंत्रता दिवस दिनांक 15 अगस्त, कृष्ण जन्माष्टमी दिनांक 16 अगस्त, पर्युषण पर्व का प्रथम दिवस दिनांक 19 अगस्त, श्रीगणेश चतुर्थी दिनांक 26 अगस्त, पर्युषण पर्व का अंतिम दिवस दिनांक 27 अगस्त 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस -मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करना गरीबों पर सीधा हमला



### आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेस करेगी प्रदर्शन, बिजली दफ्तर के बाहर पुतला-दहन करेंगे

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** बिजली बिल हाफ योजना में कटौती के खिलाफ कांग्रेस 7 अगस्त को प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में पुतला दहन कर आंदोलन करेगी।

आंदोलन से पहले बुधवार को रायपुर के गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार पर हमला बोला। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना लागू कर 400 यूनिट तक छूट देकर 44 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को राहत दी थी, लेकिन भाजपा ने यह योजना लगभग समाप्त कर दी है। भाजपा गरीबों के अधिकार छीन रही है। हम सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई इसकी लड़ेंगे। इस पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा उपस्थित रहे।

# गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्रियों के चयन के लिए मानकों की जानकारी जरूरी : अरुण साव

### पीडब्लूडी के अभियंताओं के लिए बीआईएस द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए।

भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में 6 अगस्त और 7 अगस्त को दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। देशभर से आए विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में अभियंताओं को अलग-अलग तरह के निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्रियों और कार्यों के नए मानकों की जानकारी दे रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के विभिन्न जिलों के अभियंता इसमें हिस्सा ले रहे हैं जिनमें अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में कहा कि लगातार बदल रही तकनीकों, जरूरतों और अनुसंधानों के बीच नए मानकों और नवाचारों से अपडेट रहना जरूरी है। एक इंजीनियर के रूप में सम-सामयिक तकनीकी पहलुओं और उनके नवीन मापदंडों की जानकारी आवश्यक है। अलग-अलग तरह के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में इनकी अच्छी जानकारी काफी मददगार होती है। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो को क्षमता निर्माण कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमारे अभियंताओं की दक्षता और क्षमता बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माण उद्योग में अलग-अलग कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं की भिन्न-भिन्न गुणवत्ता और कीमत वाली सामग्री मौजूद हैं। गुणवत्ता और मानकों की अच्छी जानकारी रहने से आप सही सामग्रियों का चयन कर सकते हैं। आपके पर्यवेक्षण में हो रहे कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आपकी है। इसके लिए निर्माण कार्यों में मानकों के अनुरूप प्रमाणित सामग्रियों का उपयोग करें। श्री साव ने दो दिनों तक चलने वाले इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम का पूरा लाभ लेते हुए अपनी जानकारियों को अपडेट करने को कहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को कार्यस्थल पर प्रभावी कार्य संपादन में सहायता मिलेगी।




लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी ने कहा कि देश-दुनिया में प्रचलित मानकों और मापदंडों से विभाग के अभियंताओं को अवगत कराने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हर अभियंता को मानकों की पूरी जानकारी रखने के साथ ही फील्ड में इनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराना चाहिए। उन्होंने मानकों और मापदंडों का पालन कर राज्य में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने को कहा। भारतीय मानक ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक श्री सुमन कुमार गुप्ता और वैज्ञानिक श्रीमती मधुरिमा माधव ने भी प्रतिभागी अभियंताओं को संबोधित किया। भारतीय मानक ब्यूरो के रायपुर कार्यालय के संयुक्त निदेशक श्री फलेन्द्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

**सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों तथा सामग्रियों के मानकों की दी जा रही जानकारी**

भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को अलग-अलग सत्रों में सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के मानकों की जानकारी दे रहे हैं। सिविल कार्यों में रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो के विशेषज्ञ श्री डी.एस. धपोला, डॉ. आदित्य प्रताप सान्याल, डॉ. आर.पी. देवांगन, डॉ. प्रवीण निगम और डॉ. ललित कुमार गुप्ता नए मानकों और मापदंडों की जानकारी दे रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रिकल कार्यों में सर्वश्री बाबुल चक्रवर्ती, उमा शंकर, सुहासकृष्णन के.वी. और सुश्री भावना कस्तुरिया मानकों की जानकारी दे रहे हैं।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लेने अमेरिका के बॉस्टन पहुंचे

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे साथ ही विधायक अनिला भेड़िया व संदीप साहू सहित 24 राज्य के विधायक पहुँचे विधायकों ने हावर्ड यूनिवर्सिटी का अवलोकन किया। यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के बॉस्टन शहर में वैश्विक विधायी सम्मेलन का आयोजन 4 से 6 अगस्त तक किया जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेटिव इसका आयोजन कर रहा है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत इस सम्मेलन में हिस्सा लेने बॉस्टन पहुंच गए है। बताया गया कि 24 राज्यों के 21 राजनैतिक दलों से संबंधित 130 विधायक इसमें शामिल हो रहे हैं। इस संख्या में एमएलसी को भी नामित किया गया है। एनसीएसएल का काम वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग को बढ़ाने के लिए पहल करने का है। इसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विधायकों की भागीदारी मौजूदा सम्मेलन में हो रही है। छत्तीसगढ़ से डॉ. चरणदास महंत के साथ पूर्व मंत्री व विधायक अनिला भेड़िया व विधायक संदीप साहू सहभागी बने है। उन्होंने इसे वैश्विक सुशासन की अच्छी परंपरा से सीखने और जनता की सेवा में लगाने का उदाहरण बताया। खबर के अनुसार विधायकों का समूह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल डेमोक्रेसी, साइबर सिक्युरिटी, वोटर कांफ्रिडेंस और पॉलिसी इनोवेशन जैसे विषयों पर चर्चा में हिस्सा लेगा। अमेरिकी विधायी प्रणाली के बारे में जानकारी और अमेरिका में भारतीय मूल के नेताओं के साथ बातचीत भी इसका एक हिस्सा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बताया कि, अमेरिका के बॉस्टन मसकट में यह आयोजन हो रहा है। प्रथम दिवस कांफ्रेंस के संयोजक और एनसीएसएल के संस्थापक डॉ. राहुल वी कराड ने अपनी बात रखी। एक सत्र के बाद सदस्यगण बॉस्टन कन्वेंशन एंड एक्जीबीसन सेंटर पहुंचे।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



## कुदरत की चेतावनी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में आई आपदा प्रकृति की एक और गंभीर चेतावनी है। यह बताती है कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन साधने की कितनी जरूरत है। देश के पहाड़ी राज्यों, खासकर उत्तराखंड को लेकर ऐसी नीति चाहिए, जिससे पहाड़ और इंसानों के बीच संतुलन बना रहे।

उत्तरकाशी के धराली गांव में खीरगंगा नदी के ऊपरी क्षेत्र में बादल फटा और फ्लैश फ्लड ने रास्ते में आने वाली हर चीज को अपनी चपेट में ले लिया। प्रभावित इलाके से आ रहे विडियो दिल दहलाने वाले हैं। अभी चारधाम यात्रा सीजन चल रहा है और यह गांव गंगोत्री वाले रास्ते पर पड़ता है। श्रद्धालुओं के रुकने का यह एक अहम पड़ाव है। ऐसे में जानमाल की बड़े पैमाने पर हानि की आशंका है।

हाल के बरसों में उत्तराखंड इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के केंद्र में रहा है। 2021 में चमोली जनपद में, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के पास एक ग्लेशियर टूटकर गिर गया था। इसकी वजह से धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आ गई और तपोवन विष्णुगाड पनबिजली परियोजना में काम करने वाले कई श्रमिकों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह, 2023 की शुरुआत में एक और धार्मिक पर्यटन स्थल जोशीमठ में भूस्खलन ने एक बड़ी आबादी को विस्थापित कर दिया।

साल 2013 में केदार घाटी में मची भयानक तबाही से लेकर अभी तक, छोटी-बड़ी ऐसी कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं। सवाल यहां आकर रुकती है कि पहाड़ से छेड़छाड़ कब रुकेगी? आरोप है कि उत्तराखंड में चल रहे बेशुमार पावर प्रॉजेक्ट्स ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है। इसमें बढ़ती आबादी, लाखों पर्यटकों के बोझ, अनियंत्रित निर्माण और घटती हरियाली को मिला दीजिए तो स्थिति विस्फोटक बन जाती है।

अनियंत्रित निर्माणः बादल फटना प्राकृतिक घटना है, जिस पर इंसानों का जोर नहीं। लेकिन, यह भी तथ्य है कि पानी निकलने के रास्तों, नालों-गदेरों के मुहानों पर कंक्रीट के बड़े-बड़े स्ट्रक्चर खड़े हो चुके हैं। तमाम जगहों पर, जिन रास्तों से पानी को बहना था, वहां इंसान बस चुका है। यह जानबूझकर आफत बुलाने जैसा है।

उत्तराखंड को लेकर यह बहस करीब 5 दशक पुरानी है कि विकास किस कीमत पर होना चाहिए। साल 1976 में, गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में गठित कमिटी ने जोशीमठ को बचाने के लिए फौरन कुछ कदम उठाने की सिफारिश की थी- इनमें संवेदनशील जोन में नए निर्माण पर रोक और हरियाली बढ़ाना प्रमुख था। 49 साल बाद आज वह रिपोर्ट पूरे पहाड़ के लिए प्रासंगिक हो चुकी है।

# डिजिटल युग में संस्कृति से जुड़ाव की प्रासंगिकता

■ कर्म सिंह ठाकुर, स्वतंत्र लेखक

आज के डिजिटल युग में जब हर व्यक्ति, ब्रांड या सेवा खुद को एक पहचान देना चाहता है, तब लोकप्रियता प्राप्त करने का मार्ग केवल तकनीकी दक्षता या रचनात्मकता तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वह अब इस बात पर भी निर्भर करता है कि आपका विचार, सेवा या कंटेंट उस क्षेत्र की संस्कृति से कितनी गहराई से जुड़ता है। समाज की सांस्कृतिक पहचान जिसमें उसकी भाषा, परंपराएं, जीवनशैली, त्योहार, रीति-रिवाज और स्थानीय मान्यताएं शामिल हैं, किसी भी विचार की स्वीकार्यता के लिए निर्णायक तत्व होती हैं। यही कारण है कि आज अनेक कंटेंट क्रिएटर, स्टार्टअप, सेवाएं और सामाजिक आंदोलन अपने विचारों को लोगों तक पहुंचाने के लिए उस क्षेत्र की सांस्कृतिक भाषा, प्रतीकों और सोच को अपने कंटेंट में सम्मिलित कर रहे हैं।

एक यूट्यूबर जो अपनी स्थानीय बोली में वीडियो बनाता है, या एक सामाजिक कार्यकर्ता जो प्रचार सामग्री में लोककला और परंपरागत प्रतीकों का उपयोग करता है, वह अधिक प्रभावी सिद्ध होता है, क्योंकि वह जनता से आत्मिक जुड़ाव स्थापित करता है। केवल विचार का अच्छा होना पर्याप्त नहीं, वह विचार उस समुदाय की सामूहिक चेतना से मेल खाता है या नहीं, यही उसकी सफलता का मूल आधार बनता है। भारत जैसे सांस्कृतिक विविधता वाले देश में, क्षेत्रीय भाषाएं, पहनावे और मूल्य अलग-अलग होते हैं, और यही कारण है कि जो सेवाएं, ब्रांड या विचार इन विविधताओं को सम्मान देते हुए आगे बढ़ते हैं, उन्हें ही समाज का व्यापक समर्थन प्राप्त होता है। वैश्विक कंपनियां भी आज 'लोकलाइजेशन' की रणनीति अपना रही हैं, वे केवल अंग्रेजी में नहीं, बल्कि हिंदी, तमिल, मराठी, पंजाबी, डोगरी, मैथिली जैसी भाषाओं में विज्ञापन बना रही हैं, स्थानीय त्योहारों पर विशेष छूट दे रही हैं, और सोशल मीडिया पर स्थानीय जन-भावनाओं से मेल खाने वाला कंटेंट प्रकाशित कर रही हैं। जैसे ही कोई विचार या सेवा 'हमारी भाषा में', 'हमारे पर्वों के साथ', 'हमारी जीवनशैली को ध्यान में रखकर' प्रस्तुत होती है, तो लोग उसे केवल जानकारी या सुविधा के रूप में नहीं देखते, बल्कि वह उनकी अपनी चीज बन जाती है। इसी तरह, डिजिटल कंटेंट का क्षेत्र भी तेजी से 'हाइपर लोकल' हो रहा है। चाहे वह इंस्टाग्राम रील्स हो, यूट्यूब शॉर्ट्स या फेसबुक पोस्ट, वह कंटेंट जो स्थानीय जीवन से मेल खाता है, लोगों को अपनी रोजमर्रा की कहानियों से जोड़ता है, वह तुरंत वायरल हो जाता है। इसका उदाहरण हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों द्वारा तैयार की गई पारंपरिक धुनों पर आधारित शॉर्ट वीडियो हैं, जिन्हें लाखों लोग देखते हैं, क्योंकि उनमें 'अपनापन' है। जब कोई व्यक्ति किसी क्षेत्रीय मेले के रंगों, वहां के खानपान, लोकगीत या कहावतों को अपने कंटेंट में पिरोता है, तो वह केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि सांस्कृतिक दस्तावेजीकरण का कार्य भी करता है। इसके अलावा, कंटेंट में स्थानीय व्यंजन, बोली, पहनावा और रीति-रिवाजों का समावेश न केवल लोकप्रियता बढ़ाता है, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का कार्य भी करता है। सामाजिक अभियानों के लिए भी यह सामंजस्य अत्यंत आवश्यक है। उदाहरणस्वरूप, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान तब सफल हुए जब उन्होंने स्थानीय स्कूलों, पंचायतों और लोकनायकों को माध्यम बनाकर लोगों तक पहुंच बनाई। इसी प्रकार, जल जीवन मिशन, डिजिटल साक्षरता अभियान, स्वच्छता अभियान जैसे प्रयास तब अधिक सफल हुए, जब उन्होंने स्थानीय नायकों और सांस्कृतिक प्रतीकों को अपनी योजनाओं में शामिल किया। सामाजिक स्वीकृति का आधार भी यही है कि विचार को 'हमारा' समझा जाए, न कि ऊपर से थोपा हुआ। यही कारण है कि विज्ञापन से लेकर नीति-निर्माण तक, हर क्षेत्र में अब सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दी जा रही है। यह केवल मार्केटिंग की रणनीति नहीं, बल्कि सामाजिक प्रभाव की अनिवार्यता बन चुकी है। यही कारण है कि जब कोई शिक्षक अपने छात्रों को उनकी बोली में समझाता है, तो वह अधिक प्रभावी बनता है। जब कोई हेल्थकेयर वर्कर किसी ग्रामीण महिला को उसकी सांस्कृतिक मान्यताओं के अनुरूप स्वास्थ्य परामर्श देता है, तो वह अधिक विश्वसनीय माना जाता है। आज के दौर में 'सोशल इन्फ्लुएंसर' बनने का मार्ग केवल तकनीक या मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कृति की गहराइयों से जुड़कर ही उसका दीर्घकालिक प्रभाव संभव है। उदाहरणस्वरूप, एक कंटेंट निर्माता जो उत्तर भारत में रहता है, यदि वह अपनी बात को ब्रज, अवधी या कुमाऊंनी जैसी स्थानीय बोलियों में प्रस्तुत करता है, और साथ ही लोकगाथाओं, देवी-देवताओं, क्षेत्रीय व्यंजनों या मेलों का संदर्भ देता है, तो वह शहरी और ग्रामीण दोनों दर्शकों से सहजता से जुड़ता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले का आयुष ठाकुर कलाकार स्थानीय भाषा में कॉमेडी करता है और लाखों फॉलोअर्स उसके कंटेंट्स को पसंद करते हैं। बिलासपुर का 'हिमाचली मुंडा' भी अपनी ग्रामीण परिवेश की जटिल व्यवस्था को स्थानीय भाषा में जनमानस तक पहुंचाने का सजग प्रयास करता है और लोगों में अत्यधिक लोकप्रिय है। मध्यप्रदेश के एक यूट्यूबर ने 'मालवी व्यंग्य' की शैली में शॉर्ट वीडियो बनाए, उसके लाखों फॉलोअर्स केवल उसकी प्रस्तुति से नहीं, बल्कि उसकी क्षेत्रीय अभिव्यक्ति से जुड़ गए।




इसी तरह छत्तीसगढ़ में एक निजी संस्था ने शिक्षा को आदिवासी बच्चों तक पहुंचाने के लिए गोंडी में ऑडियो कहानियां तैयार कीं, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी। इस जुड़ाव का महत्व कॉर्पोरेट ब्रांड भी समझने लगे हैं, वे अब अपनी पैकेजिंग में क्षेत्रीय चित्रांकन, वाणी और लोकनायकों की छवि प्रस्तुत कर रहे हैं। 'लोकल ही ग्लोबल है' का विचार अब नारा मात्र नहीं, बल्कि व्यापार और सामाजिक प्रभाव का मार्ग बन चुका है। जनमानस की सामूहिक स्मृति में जो बातें घर कर जाती हैं, वे केवल सूचना नहीं होतीं, बल्कि अनुभव बनती हैं और वह अनुभव संस्कृति से जुड़ा होता है। संस्कृति और नवाचार यदि साथ चलें, तो वह समाज में परिवर्तन और सेवा का स्थायी स्वरूप बनाते हैं। एक डिजिटल ऐप जो किसानों को मौसम की जानकारी देता है, यदि वह उनके त्योहारों, कृषि चक्र और बोली को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया हो, तो वह केवल तकनीक नहीं, एक सामाजिक साथी बन जाता है। इसी प्रकार, शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन स्थानीय कहावतों, उदाहरणों और खेलों से हो।

### प्रेरक प्रसंग

## जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि

एक बार एक राजा की सभा में एक चंदन के बहुत बड़े व्यापारी ने प्रवेश किया। राजा की दृष्टि उस पर पड़ी तो उसे देखते ही अचानक उनके मन में विचार आया कि कुछ ऐसा किया जाए ताकि इस व्यापारी की सारी संपत्ति राजकोष में जमा कर दी जाए। व्यापारी जब तक वहां रहा राजा का मन रह रहकर उसकी संपत्ति को हड़प लेने का करता। कुछ देर बाद व्यापारी चला गया। उसके जाने के बाद राजा को अपने राज्य के ही एक निवासी के लिए आए ऐसे विचारों के लिए बड़ा खेद होने लगा। राजा ने सोचा कि मैं तो प्रजा के साथ न्यायप्रिय रहता हूं। आज मेरे मन में ऐसा कलुषित विचार क्यों आया? उन्होंने अपने मंत्री से सारी बात बताकर समाधान पूछा। मन्त्री ने कहा - इसका उत्तर देने के लिए आप मुझे कुछ समय दें। राजा मान गए। मंत्री विलक्षण बुद्धि का था। वह इधर-उधर के सोच-विचार में समय न खोकर सीधा व्यापारी से मैत्री गाँठने पहुंचा। व्यापारी से मित्रता करने के बाद उसने पूछा- मित्र तुम चिन्तित क्यों हो? भारी मुनाफे वाले चन्दन का व्यापार करते हो, फिर चिंता कैसी? व्यापारी बोला- मेरे पास उत्तम कोटि के चंदन का बड़ा भंडार जमा हो गया है। चंदन से भरी गाडियां लेकर अनेक शहरों के चक्कर लगाए पर नहीं बिक रहा है। बहुत धन इसमें फंसा पडा है। अब नुकसान से बचने का कोई उपाय नहीं है। व्यापारी की बातें सुनकर मंत्री ने पूछा- क्या हानि से बचने का कोई उपाय नहीं? व्यापारी हंसकर कहने लगा- अगर राजा की मृत्यु हो जाए तो उनके दाह-संस्कार के लिए सारा चन्दन बिक सकता है।

### धर्म-कर्म

## सावन पूर्णिमा व्रत 8 अगस्त को

अगस्त महीने का पहला और सावन मास के अंतिम पूर्णिमा का व्रत कब है इसे लेकर थोड़ा कंफ्यूजन बना हुआ है। दरअसल, इस बार पूर्णिमा तिथि दो दिन होने के कारण व्रत की तारीख को लेकर उलझन है। बता दें कि पूर्णिमा व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित है। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति को बैकुंठ में स्थान मिलता है साथ ही व्यक्ति की सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। तो आइए जानते हैं सावन मास की आखिरी पूर्णिमा व्रत कब रखा जाएगा। वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, 8 अगस्त को पूर्णिमा तिथि का आरंभ दोपहर में 2 बजकर 13 मिनट पर होगा और 9 अगस्त को पूर्णिमा तिथि दोपहर में 1 बजकर 25 मिनट तक रहेगी। शास्त्रीय विधान के अनुसार, पूर्णिमा तिथि का व्रत उस दिन रखा जाता है जिस दिन शाम के समय पूर्णिमा तिथि लगी हो। ऐसे में पूर्णिमा का व्रत 8 अगस्त शुक्रवार को रखा जाएगा। क्योंकि, इस दिन पूर्णिमा तिथि शाम में रहेगी। हालांकि, रक्षाबंधन का पर्व पूर्णिमा तिथि उदय काल में होने पर मनाया जाता है। इसलिए रक्षाबंधन 9 अगस्त और पूर्णिमा व्रत 8 अगस्त को रखा जाएगा। सावन मास की अंतिम पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान विष्णु के साथ साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से विशेष फल की प्राप्ति होगी। पूर्णिमा तिथि के दिन यानी 8 अगस्त को सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि के बाद व्रत का संकल्प लें। इसके बाद भगवान विष्णु और भगवान शिव की अभिषेक करें।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

### आंचलिक

# भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना जनता पर अत्याचार : दीपक बैज

**कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है? जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में करेगी आंदोलन**

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी ने संबोधित किया। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है।साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षो तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है।कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये 400 यूनिट बिजली बिल हॉफके दायरे में प्रवेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। किसी को बिजली का खपत मान ली 600 यूनिट था उससे ज्यादा भी था तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था। शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था।कांग्रेस सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है।भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है।

बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के बलते है बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है।

# कोण्डागांव जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मातृत्व और बाल स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने हेतु जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसी क्रम में मंगलवार को उपस्वास्थ्य केन्द्र जामकोटपारा, कोपाबेड़ा, आंगनबाड़ी केन्द्र गिरोला बड़ेपारा तथा गिरोला आवासपारा में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्तनपान से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।

गुणवत्तापूर्ण स्तनपान विषय पर चर्चा करते हुए माताओं को यह बताया गया कि शिशु के पहले छः महीनों तक केवल माँ का दूध ही सबसे संपूर्ण आहार है। कार्यक्रम में शिशु दूध के विकल्प, बोतल से दूध पिलाने के दुष्परिणाम और पूरक आहार से जुड़े विषयों पर भी जानकारी दी गई। विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि स्तनपान कराने वाली माताओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, ताकि शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत भी एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज में लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ श्री उमेश कुमार मरापी, पर्यवेक्षक कोण्डागांव-01 श्रीमती रूखमणी साहू एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र से आर.एच.ओ. तथा मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज का इतिहास

* 1905 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया।
* 1941 : नोबेल पुरस्कार विजेता गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का निधन।
* 1944 : पहले कैलकुलेटर के नाम पर 51 फीट लंबी, 8 फीट ऊंची और पांच टन वजन की एक विशाल मशीन का निर्माण।
* 1947 : मुंबई नगर निगम को बिजली और परिवहन व्यवस्था औपचारिक रूप से हस्तांतरित हुई।
* 1957 : अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
* 1960 : अफ्रीका महाद्वीप के देश आइवरी कोस्ट को फ्रांस के अधिकार से आजादी मिली।
* 1985 : गीत सेठी ने विश्व अमेच्योर बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीती।
* 1990 : अमेरिका ने सऊदी अरब में सेना तैनात कर ऑपरेशन डेजर्ट शील्ड शुरू किया।
* 1998 : केन्या एवं तंजानिया की राजधानियों में स्थित अमेरिकी दूतावासों पर आतंकवादी हमले में 200 से अधिक लोगों की मृत्यु।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित आमाबेड़ा तहसील के चार परिवारों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

समवेत शिखर संवाददाता

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नदी, नाला, डबरी और तालाब में डूबने से मृत्यु होने के चार प्रकरण में उनके निकटतम आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा आमाबेड़ा तहसील के प्राकृतिक आपदा पीड़ित चार परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। आमाबेड़ा तहसील के ग्राम पुसगांव निवासी 39 वर्षीय जयलाल नुरूटी की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके परिजन श्रीमती सुखियारीन को चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम कोलियारी के 06 वर्षीय अंकुश सलाम की डबरी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता बुधऊ राम सलाम और श्रीमती बज्जोबाई सलाम के लिए चार लाख रूपये, ग्राम कोंगेरा निवासी 39 वर्षीय जनकाय मातलाम की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित जयाराम मातलाम के लिए चार लाख रूपए और ग्राम केसुरबेड़ा निवासी 07 वर्षीय कु. सुषमा मातलाम की नदी में डूबने से मृत्यु होने के कारण उनके माता-पिता प्रसाद मातलाम और श्रीमती सरिता बाई को चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

# कोंडागांव से अयोध्या धाम के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

**राम लला दर्शन योजना से जिले के 51 श्रद्धालु हुए लाभान्वित**

समवेत शिखर संवाददाता



**कोंडागांव।** राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत कोंडागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का एक दल अयोध्या धाम के लिए मंगलवार की रात रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के इस दल को कोंडागांव नगर के अंबेडकर चौक से रात्रि 9 बजे हरी झंडी दिखाकर बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेशवासियों को अध्यात्मिक सशक्तिकरण और रामभक्ति से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास है, जो मुख्यमंत्री साय की दूरदृष्टि और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। श्रद्धालुओं का यह जत्था बस द्वारा राजनांदगांव तक की यात्रा करेगा, इसके पश्चात ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगा। जत्थे में शामिल श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर नजर आए। सरगीपाल, कोंडागांव निवासी श्रीमती ननकी वैष्णव, जो अपने पति के साथ यात्रा पर निकली हैं, भावुक होते हुए कहती हैं, यह मेरा पहला तीर्थयात्रा है और पहली ही बार में राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। मैं बहुत खुश हूँ। अभी राखी का पर्व है, फिर भी इस यात्रा पर जा रही हूँ क्योंकि राखी हर साल आएगी, लेकिन रामलला के दर्शन का अवसर बार-बार नहीं मिलता। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी की बहुत आभारी हूँ। जोहन बैद्य, ग्राम पेंड्रावन, ब्लॉक बड़ेराजपुर से यात्रा पर निकले श्रद्धालु कहते हैं, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन का मौका मिलेगा। यह सब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से संभव हो पाया है। मैं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। इसी प्रकार मसोरा निवासी उलेचंद पटेल ने भी रामलला के दर्शन को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा, यह यात्रा मेरे जीवन का अविस्मरणीय क्षण है। भगवान राम के दरबार में हाजिरी देना हर भक्त का सपना होता है, और यह सपना मुख्यमंत्री जी की इस योजना के माध्यम से पूरा हो रहा है। फरसगांव की श्रीमती मीना देवी ने भी अपने भाव साझा करते हुए कहा, यह यात्रा मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही संभव हुई है। हम सभी तीर्थयात्रियों को उनके प्रति आभार प्रकट करना चाहिए जिन्होंने हमें यह दुर्लभ अवसर दिया।

# 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान होटलों और मिष्ठान भंडारों की जांच

समवेत शिखर संवाददाता

**कोंडागांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार संचालित 'बने खाबो, बने रहिबो' जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला कोण्डागांव द्वारा शहर के विभिन्न मिष्ठान भंडारों एवं होटलों का निरीक्षण किया गया। यह अभियान वर्षा ऋतु में खाद्य जनित बीमारियों एवं संक्रमण की रोकथाम को लेकर आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मिठाई विक्रेताओं और होटल संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों द्वारा अखबारी कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान, एक ही तेल को बार-बार गर्म कर उपयोग करने के दुष्प्रभाव, खाद्य सामग्रियों के उचित रख-रखाव, फूड हैंडलर्स की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं वर्षा ऋतु में बरती जाने वाली विशेष सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। सभी प्रतिष्ठानों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए भी कहा गया। इस दौरान शानू होटल पलारी से कलाकंद और खोबा बर्फी, सेठिया होटल से दी लड्डू तथा चौधरी स्वीट्स से सलौनी और गाठिया मिठाई का नमूना संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है, जहां इनकी गुणवत्ता की जांच की जाएगी।



# तीन साल में नहीं बन पाया आत्मानंद स्कूल भवन

## पहली निविदा निरस्त पुन होगी निविदा, 2.70 करोड़ से बढ़कर लागत राशि हुई 4.70 करोड़, इस सत्र मे भी भवन पूर्ण होने की संभावना भी कम

**समवेत शिखर संवाददाता**

**थान खम्हरिया।** पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार मे तत्कालीन मंत्री रविन्द्र चौबे ने 2022 मे नगर के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भवन हेतु छ ग मंडी बोर्ड के माध्यम से करीब 2.70 करोड की राशि स्वीकृत की थी परंतु निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण एजेन्सी ने धीमी गति से कार्य किया तथा निविदा शर्तो का उल्लंघन करते हुए समय सीमा मे भवन पूर्ण नही करने पर मंडी बोर्ड ने निविदा को निरस्त कर दिया।

तीन वर्ष मे स्कूल भवन पूर्ण नही होने से स्कूल को भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मे ही दूसरी शिफ्ट मे लगाना मजबूरी हो गया है जिससे कन्या शाला व आत्मानंद स्कूल दोनो का पठन कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है वही कार्यालय के आभाव मे आश्यक दस्तावेजो के रखरखाव मे शाला प्रबंधन को परेशानियां ऊठानी पड रही है।खबर है कि उक्त भवन निर्माण हेतु राज्य शासन ने दो करोड रूपए अतिरिक्त राशि रिवाईस किया है जिसके लिए पुनः निविदा हेतु प्रक्रिया पूरी की जा रही है।आत्मानंद स्कूल भवन वर्तमान मे लिंटर स्तर तक पहूंच चुकी है नयी कार्यादेश के बाद सीधे तौर पर लिंटर किये जायेंगे,थान खम्हरिया आत्मानंद स्कुल मे लगभग 700 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है जिसकी के रिए खेल मैदान से लेकर सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशाला,किचन सेड,पुस्तकालय,प्राचार्य कक्ष,शिक्षक कक्ष,मिटिंगहाल,सुलभ शौचालय तथा स्टाक रूम के आभाव के चलते आत्मानंद स्कूल मे अव्यवस्था का आलम है परिसर मे बरसात की पानी भरने से संक्रमण का खतरा बना हुआ है वही एलकेजी के बच्चो को जर्जर भवन मे बैठाई जा रही है,इस शिक्षण सत्र तो निविदा प्रक्रिया मे निकलन की संभावना है अब अगले सत्र मे ही आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों को भवन नसीब हो सकता है।भवन निर्माण मे निर्माण एजेन्सी की की जितनी लापरवाही है उतनी ही मंडी सचिव,एसडीओ, तथा उपअभियंता की भी है जो समय सभय मे निर्माणाधीनभवन का निरीक्षण नही किया गया है।

गौरतलब है कि नगर के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के खुलने चार साल बाद आज भी स्कूल भवन के के आभाव का दंश झेल रही है वही स्कूली बच्चों को अनेक प्रकार के परेशानियो का सामना करना पड रहा है।छ ग मंडी बोर्ड द्वारा पहली निविदा 2.70 करोड रूपए की निकाली गयी थी परंतु निर्माण एजेन्सी द्वारा कार्य मे लापरवाही,निविदा शर्तो का उल्लंघन तथा समय सीमा मे कार्य पूर्ण नही करने पर निविदा को निरस्त कर दिया है,खबर है कि इन तीन साल मे भवन निर्माण की लागत राशि बढने के चलते राज्य शासन ने दो करोड अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है अब भवन निर्माण हेतु पहली निविदा की बचत राशि तथा रिवाईज की हुई राशि मिलाकर पुनः निविदा निकाली जायगी जिसकी प्रक्रिया मे लगभग तीन से चार माह



लगने की संभावना है।आत्मानंद स्कूल हेतु भवन की आवश्यकता को देखते हुए शाला प्रबंधन ने लगातार पत्र व्यवहार भी करता रहा बावजूद इसके निर्माण कार्य कछुआ चाल मे चलती रही।प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन के बाद से ही निर्माण कार्य धीमी पड गयी थी मगर किसी भी जन प्रतिनिधियों ने भवन निर्माण हेतु आवाज नही उठाई।दूसरी ओर मंडी बोर्ड के सक्षम अधिकारीयो की भी मनमानी चल रही थी जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता,समयावधि तथा कार्य प्रगति की समय पर समीक्षा नही की जा रही थी थी जिससे एजेंसी लापरवाही से काम करता रहा है नतीजन आज तीन साल बाद मे स्कूली बच्चे सुविधायुक्त भवन के लिए तरस रहे है।

### आत्मानंद स्कूल मे समूचित सुविधा का आभाव

नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष महेश निषाद,पूर्व पार्षद कन्हैया निर्मलकर तथा लोकनाथ सिन्हा ने बताया कि स्कूल परिसर मे बच्चो शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है बच्चे दूषित पानी पीने मजबूर है जबकि शीर्ण शीर्ण हो चुकी शौचालय से बच्चो को संक्रमण का खतरा बना हुआ है।इन लोगो ने आरोप लगाया कि स्कुल की उचित तरीके से देखरेख नही होने से शाला परिसर मे शराब की खाली बोतले बिखरे पडे रहते है शाला परिसर रात मे नशेडियो व असमाजिक तत्वों का अड्डा बन चूका है। साफसफाई के आभाव मे बच्चे बदबू के सायें मे पठन कार्य करने मजबूर है,उक्त पार्षदो ने जिला शिक्षा अधिकारी से अतिशिघ्र भवन निर्माण व शाला की व्यवस्था दूरूस्त चरने पूरजोर मांग की है।

### दो शिफ्ट में लग रही स्कूले संसाधनों की कमी से परेशानियाँ बढी

भवन के आभाव मे एक ही परिसर मे कन्या शाला व आत्मानंद स्कूल संचालित होने से परेशानी बढ गयी है इसलिए भारतमाता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला तथा कन्या पूर्व माध्यमिक शाला सुबह की पाली तथा आत्मानंद को दूसरी पाली मे संचालित की जा रही है।आत्मानंद मे लगभग 700 बच्चे तथा कन्या मे भी 600 के करीब बच्चे होने से बैठने की व्यवस्था नही बन पा रही है।आत्मानंद स्कूल पूरी तरीके से कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के भरोसे पर टीकी हुई है पेयजल, शौचालय, भवन, कार्यालय, मध्यान्ह भोजन हेतू बर्तन, रसीई घर, गेल मैदान तथा कम्युटर सहित सब कुछ उधारी से काम चल रहा है।गत चार साल से संसाधनो की कमी को झेल रहे आत्मानंद स्कूल की सूध नयी सरकार ने नही ली है अब उक्त स्कूल आत्मानंद की जगह पीएम श्री हो गया है अब देखना यही है कि केन्द्र सरकार के अधीन इस स्कूली की उद्धार हो पाथी है कि नही यह समय की गर्भ मे है।

'आत्मानंद भवन निर्माण की पहली निविदा निरस्त कर दी गयी है पुनः निविदा प्रक्रिया मे है प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अतिशिघ्र भवन निर्माण पूर्ण कर ली जायगी।'

**- अजय प्रताप सिंह**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी बेमेतरा**

## न्यूज ब्रीफ

### नवागांव पूमाप्राशा में पालक-शिक्षक बैठक



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला नवागांव मे प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संकुल समन्वयक राजू देवांगन,शाला विकास समिति के अध्यक्ष पूरन लाल निषाद एवं सुंदर लाल सिन्हा उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत गुलाल वंदन एवं पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। बैठक में श्री सिन्हा द्वारा पालको के साथ संवाद कर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने किया। उनके द्वारा विद्यालय में आयोजित की जाने वाली पहला शिक्षक बैठक के प्राथमिक उद्देश्यों को बताया गया। संस्था के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू एवं नरेश्वर डडसेना द्वारा पालक शिक्षक बैठक में 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ में दीक्षा एप, ई जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी डाउनलोड करने हेतु अनुरोध किया गया। बैठक में शाला के शिक्षक बिहेद्र कुमार साहू, अमर कुमार साहू, श्रीमती किरण दीवान,अमृतलाल निषाद,नंद कुमार कोसरे,आशीष ध्रुव,नागरिक अशोक पटेल, मनीराम जांगड़े, फागाराम, नील सिंग ध्रुव, मोरध्वज सिन्हा, मनोहर सिन्हा, बलराम साहू,अंजोर,गंगाराम दीवान,राजेंद्र दीवान,राजेश कुमार,दयालु,श्रीमती लता सिन्हा, उमा,कविता, हीराबाई, दया बाई आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला मे नेवता भोज का आयोजन किया गया।

### स्ववतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली मैदानी समीक्षा, दिए प्रभावशाली आयोजन के निर्देश

**बेमेतरा।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु जिला मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में पहुंचकर तैयारियों की मैदानी समीक्षा की और वही स्थित गाँधी भवन मे अधिकारीयों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मैदान में आयोजित होने वाले फाइनल रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सद्भावना दौड़ एवं सद्भावना मैच की तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, विद्यार्थियों एवं युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम इस प्रकार आयोजित हों कि हर वर्ग में देशभक्ति और सामाजिक एकता की भावना जागृत हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल, 14 अगस्त की शाम ÷एक शाम शहीदों के नाम÷ एवं सांस्कृतिक-देशभक्ति कार्यक्रमों को प्रभावशाली, अनुशासित और जन-सहभागिता से परिपूर्ण बनाया जाए।कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि 14 और 15 अगस्त की रात समस्त शासकीय कार्यालयों एवं भवनों में प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और उल्लास सभी तक पहुंचे। श्री शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 50 हजार से अधिक कावड़ियां और श्रद्धालुओं ने किया भंडारा में प्रसादी ग्रहण

**समवेत शिखर संवाददाता**

**कवर्धा।** पवित्र सावन माह के आखिरी सोमवार के अवसर पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। हर हर महादेव, बोल बम, ऊं नमः शिवाय के जयघोष से पूरा मध्यप्रदेश के अमरकंटक से कबीरधाम जिला के भोरमदेव में गूंजता रहा।

पूरे सावन माह में भक्ति गीतों की धुन पर भगवा परिधान में थिरकते कावंरियों की जत्था और बोलबम जयघोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। सावन माह के अंतिम सोमवार सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। गांव से लेकर शहर तक जिले में श्रद्धा एवं आस्था का सैलाब शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ता रहा। इस दौरान भोरमदेव, डोंगरिया और पंचमुखी बूढ़ामहादेव में बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजता रहा। इस बार अमरकंटक से मां नर्मदा की जल लाने वाले कांवड़ियों की संख्या में काफी इजाफा को देखते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के पहल एवं निर्देश पर ज़िला बोल बम समन्वय समिति और कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा कांवडियों की मूलभूत सुविधाओं, जैसे उनके ठहरने की व्यवस्था, उनके प्राथमिक स्वास्थ्य की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधा प्रदान किया गया।जिला बोलबंम समन्वय समिति के सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्री दौवा गुप्ता, श्री सुधीर केशरवानी, श्री निशांत झा, श्री मंजीत बैरागी ने बताया कि सावन माह में जिले से मध्यप्रदेश के अमरकंटक जाने वाले कावड़ियों और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा की निगरानी में विशेष व्यवस्था बनाई गई। अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में लगभग 50 हजार से अधिक 150 बोल बंम समित, श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई। कांवडियों को भोजन में दाल-भात-सब्जी से लेकर मीठा जैसे खीर, पुड़ी व हलवे भी निःशुल्क दी गई। अमरकंटक में कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में पधारे कांवडियां और श्रद्धालुओं का जिला बोलबंम समन्वय समिति के सदस्यों ने सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है।

# अंतरराष्ट्रीय कला और संस्कृति महोत्सव में इंदिरा कला संगीत विवि के विद्यार्थियों ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**समवेत शिखर संवाददाता**



**खैरागढ़।** थाईलैंड के महासरखम विश्वविद्यालय में 18 जुलाई 2025 को आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कला और संस्कृति महोत्सव में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। विश्वविद्यालय के भरतनाट्यम के विद्यार्थी आसिफ हुसैन निवासी गरियाबंद(छ.ग.) एवं राजेंद्र कुमार निवासी अलवर(राजस्थान) ने भारत की कला और संस्कृति को विश्व पटल पर प्रदर्शित किया। उक्त सम्मेलन में भारत सहित चीन, जापान, कोरिया, इंडोनेशिया, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, लाओ व ऑस्ट्रेलिया आदि देश के प्रतिनिधि शामिल हुये थे। आसिफ और राजेंद्र दोनों इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पूर्व छात्र हैं। इन्होंने संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात गुरु प्रेमचंद होम्बल व डॉ. मेदिनी होम्बल, सहायक प्राध्यापक, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से नृत्य की शिक्षा ली है। थाईलैंड में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में दोनों ही कलाकारों ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। आसिफ व राजेन्द्र की बेहतर प्रस्तुति के लिये उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो से सम्मानित किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय कला और संस्कृति महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने के बाद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर माननीय कुलपति महोदया प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा से आशीर्वाद लिया। इस दौरान कुलपति महोदया ने भारत की समृद्ध संस्कृति एवं कला को वैश्विक पटल पर पहुँचाने की दिशा में बेहतर कार्य करने पर दोनों ही विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारी संस्कृति एवं कला को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इसी तरह निरंतर विश्वविद्यालय की कला-संस्कृति को विश्व स्तर पर ले जायेंगे और विश्वविद्यालय निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहेगा। विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों सहित विश्वविद्यालय का आभार जताया।

# किशोर भारती संगठन छात्र संघ का चुनाव कराया गया

### चुनाव अध्यक्ष हिमांशी सिन्हा सेनापति बने पीयूष

**समवेत शिखर संवाददाता**



**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में किशोर भारती संगठन (छात्र संघ )का चुनाव कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर हिमांशी सिन्हा कक्षा द्वादश गणित ,सचिव - खुशी पटेल एकादश जीव विज्ञान,कोषाध्यक्ष - कुबेर सिन्हा द्वादश गणित,खोया पाया प्रमुख- दिशांत साहू नवम,क्रीड़ा प्रमुख-कन्नूर गोस्वामी एकादश गणित, स्वच्छता प्रमुख-वंशिका सोनी अष्टम निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद हेतु गौरव साहू कक्षा एकादश जीव विज्ञान संकाय एवं चिकित्सा प्रमुख हेतु दीप्ति ओटी कक्षा द्वादश जीव विज्ञान संकाय निर्विरोध चुने गए।पांच पदों को प्राचार्य द्वारा मनोनीत किया गया। जिसमें सेनापति- पीयूष सिन्हा कक्षा द्वादश अनुशासन प्रमुख - तुशांत साहू कक्षा द्वादश ,सांस्कृतिक प्रमुख- कु प्राची साहू कक्षा दशम साहू ,प्रार्थना प्रमुख- कु गोयल साहू कक्षा दशम ,प्रार्थना सहायक - लावण्या यादव कक्षा षष्ठम किया गया द्य संगठन के निर्वाचित तथा मनोनीत पदाधिकारी को संस्था के प्राचार्य वेद प्रकाश कटेंद्र द्वारा बैच लगाकर स्वागत तथा सम्मान किया गया। प्राचार्य द्वारा अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान तथा विद्यालय द्वारा निर्मित नियमों तथा कर्तव्यों का पालन करने का शपथ ग्रहण कराया गया। निर्वाचन प्रभारी श्री योगेश्वर साहू सह प्रभारी कुमारी आशा नेताम तथा आचार्य गण श्री अगेश्वर हिरवानी, श्री खिलेश्वर साहू ,श्रीमती नीमा साहू ,श्रीमती संतोषी नागवंशी ,श्रीमती खुमेश्वरी साहू ,कु चित्रलेखा पटेल ,कु मंजू साहू का सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री जायसवाल को सौंपा ज्ञापन

### अपोलो अस्पताल और एम्बुलेंस सेवाओं में सुधार की मांग

**समवेत शिखर संवाददाता**



**बचेली/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान बचेली नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल, पार्षद धनसिंह नाग, विलासनी नाग, झिलकी नाग और सावित्री आचार्य ने नगर की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से एनएमडीसी अपोलो अस्पताल में ओपीडी पर्ची शुल्क को 65 रुपये से घटाकर पूर्व की भांति 10 रुपये करने की मांग की गई है। प्रतिनिधियों ने बताया कि किरंदुल परियोजना अस्पताल में आज भी ओपीडी पर्ची मात्र 10 रुपये में दी जा रही है, ऐसे में बचेली के लोगों को भी यही सुविधा मिलनी चाहिए। इसके अलावा शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बचेली में सुविधायुक्त एम्बुलेंस वाहन की आवश्यकता जताई गई। पार्षदों ने बताया कि गंभीर मरीजों को रेफर करने के बाद एनएमडीसी अपोलो अस्पताल द्वारा बीपीएल और आदिवासी मरीजों को एम्बुलेंस सुविधा नहीं दी जाती, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। इस संबंध में मंत्री से अनुरोध किया गया कि एनएमडीसी को एम्बुलेंस सुविधा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया जाए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर बेहतर इलाज मिल सके। मंत्री ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पार्षद हरीश शर्मा भी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश, गन्ना उत्पादक कृषकों की बैठक लेकर गन्ना के क्षेत्र विस्तार के संबंध में की गई चर्चा

**समवेत शिखर संवाददाता**



**बालोद।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्रवास के दौरान हेल्थ एवं वेलनेश सेंटर चिल्हाटीकला का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खिलेश्वरी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्हाटीकला के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या की सही जानकारी नही दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, महिला के निवास स्थल में अस्पताल के समान अव्यवस्थित पाए जाने तथा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक श्रीमती वृंदा मण्डावी के मुख्यालय में निवास नही करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन करने के साथ-साथ कुल स्टाफ तथा अस्पताल में प्रतिदिन इलाज हेतु आने वाले मरीजों के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्हाटीकला के अंतर्गत टीबी के मरीजों की संख्या में जानकारी लेते हुए उनके उपचार हेतु की गई व्यवस्था तथा उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान करने हेतु फूड बास्केट वितरण की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से टीबी के मरीजों को फूड बास्केट आदि उपलब्ध कराकर टीबी उन्मूलन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की भी अपील की। उन्होंने अस्पताल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास सुनिश्चित कर अस्पताल में आने वाले मरीजों का समुचित इलाज करने के अलावा उन्हें दवाइयां आदि जरूरी सुविधा प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने अस्पताल परिसर में ग्राम चिल्हाटी के गन्ना उत्पादक कृषकों से गन्ना के क्षेत्र विस्तार के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा भी की। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने धान की तुलना में गन्ना फसल के उत्पादन से किसानों को होने वाली लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने गन्ना उत्पादक कृषकों को जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उलपब्ध कराने तथा उनके मांगों के संबंध में शासन स्तर पर जानकारी पहुँचाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने कहा कि गन्ना की खेती में धान की तुलना में कम पानी की खपत होने के अलावा इसमें लागत भी कम आता है। कलेक्टर ने किसानों को गन्ना उत्पादन के लिए समुचित मात्रा में खाद, बीज एवं दवाइयां उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा उन्होंने गन्ने की कटाई हेतु गांव में हार्वेस्टर तथा उनके फसल को शक्कर कारखाना करकाभाट तक पहुँचाने हेतु परिवहन की भी व्यवस्था कराने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने भी किसानों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान एसडीएम श्री शिवनाथ बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जेएल उइके, कृषि विभाग के उप संचालक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रथम पेज का शेष

**नवा रायपुर में कामन फैसिलिटी सेंटर...**

जहां प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) प्रोटोटाइपिंग, 3डी प्रिंटिंग, ईएमसी परीक्षण और वुड वर्कशॉप जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह केंद्र अर्धचालक (सेमीकंडक्टर), माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, एलईडी लैंप, सोलर चार्ज कंट्रोलर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समाधान, ऑटोमेशन समाधान और एससीएडीए पैनल जैसी इलेक्ट्रॉनिक्स आधारित उत्पादन इकाइयों को विशेष लैब और परीक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। यह सेंटर क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करेगा। उदाहरण के तौर पर, एक छोटी एलईडी लाइट निर्माण इकाई अपने उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की जांच के लिए सीएफसी की परीक्षण लैब का उपयोग कर सकेगी। इसी प्रकार, एक स्टार्टअप जो सोलर चार्ज कंट्रोलर डिज़ाइन कर रहा है, वह बड़े पैमाने पर उत्पादन से पूर्व अपने डिज़ाइन को इस केंद्र की प्रोटोटाइपिंग सुविधा में परख सकेगा। एक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) घटक निर्माता अपने उत्पादों की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक संगतता (ईएमसी) का परीक्षण कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी प्रणालियाँ सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं। साथ ही, 3डी प्रिंटिंग सुविधा कंपनियों को विशेष जिग्स या कस्टम एन्क्लोज़र बनाने में सहायता करेगी, जबकि पीसीबी प्रोटोटाइपिंग सेवा सर्किट बोर्डों के त्वरित विकास और परीक्षण में मदद करेगी, जिससे उत्पाद निर्माण की गति तेज होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहले से ही कई आकर्षक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को राज्य की उद्योग नीति के तहत मिलने वाले प्रोत्साहनों से और भी बल मिलेगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बाहरी और स्थानीय निवेश को गति मिलेगी। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरएएनवीपी) द्वारा संचालित यह परियोजना राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण एवं निवेश को प्रोत्साहित करेगी। इसके माध्यम से राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# बिजली हाफ योजना को समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## सरकार का पुतला दहन किया

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** राज्य सरकार द्वारा गरीब एवं मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं को राहत देने वाली बिजली हाफ योजना को अचानक समाप्त किए जाने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने जिला मुख्यालय बिजली विभाग ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी नीतियों पर चल रही है और आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं को लगातार बंद कर रही है। बिजली हाफ योजना से लाखों गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा था, और इसका बंद होना उनके लिए आर्थिक बोझ बन गया है। साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है। साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट की भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल माफकरने का जो हिटलरी निर्णय लिया है जिससे वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने किया। उन्होंने कहारू बिजली हाफ योजना केवल एक राहत योजना नहीं थी, बल्कि यह गरीबों की जिंदगी को रोशनी देने वाली योजना थी। भाजपा सरकार इसे बंद करके आम जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और इस तानाशाही फैसले के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफयोजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ता को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 लाख तक की बचत हुई है पिछले महीने ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है और गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके कर दी गई है डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्याय पूर्ण फैसले का विरोध करती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही बिजली हाफ योजना को पुनः लागू नहीं किया तो यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा और पूरे राज्यभर में जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

पुतला दहन में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष,आलोक चंद्राकर,खिलावन बघेल, राजेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन,प्रदीप चंद्राकर,गुरमीत चावला,गौरव चंद्राकर,अमन चंद्राकर,वीरेंद्र चंद्राकर,देवेंद्र चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी,कविता तिवारी,कमल प्रजापति,तबरेज खान,हर्षित चंद्राकर, सचिन गायकवाड, तुलसी साहू,राजू साहू,जावेद चौहान,निर्मल जैन, ब्रिजेन बंजारे,सोनम रामटेके, लीलू साहू, नूकेश महंत, अजय कुमार, आकाश निषाद, सागर डोंगरे, टकेश्वर दीवान, तुलसी देवदास, भानु सोनी आदि शामिल थे।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### नानू भाई बने नपा के नेता प्रतिपक्ष, हुआ स्वागत



**महासमुन्द।** भाजपा संगठन द्वारा नगर पालिका परिषद महासमुन्द में वार्ड नं. 13 पार्षद पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हरबंश सिंह नानू भाई को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष कार्यालय में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, पार्षदगण श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, श्रीमती भारती राजेन्द्र चन्द्राकर, विजय साव, श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी, श्रीमती माधुरी यादव, माखन पटेल, पियूष साहू, सुश्री धनेश्वरी सोनवानी, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, भाजपा शहर मण्डल उपाध्यक्ष राजू चन्द्राकर, धनीराम यदू, गौरव राठी, रोशन बग्गा थे। उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नानू भाई लम्बे समय से नगर पालिका मे पार्षद एवं पूर्व में उपाध्यक्ष रहे। उनके अनुभव का लाभ सभी पार्षद साथियों को मिलेगा नेता प्रतिपक्ष नियुक्त होने पर सभी भाजपा पार्षदों में हर्ष है। नेता प्रतिपक्ष नानू भाई ने नियुक्ति पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त कर कहा कि विपक्ष की भूमिका पुरी ईमानदारी निष्ठा के साथ निभाया जावेगा।

### सलिहाभाठा में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**महासमुंद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की पूर्ति और पालक.शिक्षक सार्थक संवाद को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक शाला सलिहाभाठा में पालक.शिक्षक बैठक हुआ। बैठक में बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक, भावात्मक, शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की प्रगति के साथ परीक्षा की जानकारी पालकों को दी गई। पालकों और बच्चों को साथ बिठाकर घर और स्कूल के कार्यों के बारे में चर्चा करते हुए आ रही कठिनाइयों पर बात की गई। चर्चा में घर में सीखने का वातावरण, डिजिटल शिक्षा एप आदि पर चर्चा कर स्कूल और घर में शिक्षण के लिए बेहतर तालमेल की कार्ययोजना पर बात किया गया। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शाला में संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आदि के बारे में भी पालकों, शिक्षाविदों को जानकारी देते हुए सभी से चर्चा किया गया। बैठक में पिरीत राम साहू, मंशा राम सिन्हा, पंचराम ध्रुव, हेमलता साहू, पुष्पा सिन्हा, रिखीराम दीवान, पिलेश्वर सिन्हा, उमेश सिन्हा, भोजराम साहू, गुलाब ध्रुव, मयाराम दीवान, तोरण ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, हुलश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### कोडार से पानी छोड़ने की मांग



**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी के सरपंच, उप सरपंच व ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को आवेदन सौंपकर कोडार बांध के दाई तट से पानी छोड़ने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि ग्राम खैरझिटी में पानी के अभाव के कारण रोपा-ब्यासी एवं चलाई का कार्य नही हो पाया है। खेत सूखने लगे है, जिसके कारण खेती पिछड़ने लगा है। उन्होंने तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है। उक्त जानकारी ग्राम खट्टी के नंद किशोर यादव, लखन लाल जलक्षत्री, विष्णु यादव ने दी है।

### प्राणघातक हमला के आरोपी को 7 साल की सजा

**महासमुंद।** प्राणघातक हमला के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया ने महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम भलेसर निवासी 21 वर्षीय भूपेंद्र ओगरे पिता राम सिंग ओगरे को धारा 307 के अपराध में 7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 2 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 3 माह का साधारण कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार महासमुंद थाना में बीरेंद्र भारद्वाज ने रिपोर्ट दर्ज कराया।

# प्रधानपाठक डेमेश्वरी ने दान की एक महीने की सैलरी

## बेटे के जन्मदिन पर बच्चों को बांटे बैग

समवेत शिखर संवाददाता




**महासमुंद।** शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने अपने पुत्र सार्थक के जन्मदिन पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए।

यह वितरण उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत डेमेश्वरी प्रत्येक वर्ष अपनी एक माह की सैलरी बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं पर खर्च करती हैं। बैग वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा कि डेमेश्वरी मैडम का यह दृष्टिकोण उन्हें एक सामान्य शिक्षक से अलग पहचान देता है। वे शिक्षा को कक्षा और बच्चों की गरिमा, आत्मबल और सामाजिक समानता से जोड़कर देखती हैं। ऐसे शिक्षक प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देते हैं। उनका योगदान प्रेरणास्पद और उत्साहवर्धन के योग्य है। अध्यक्षता कर रहे जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने कहा कि डेमेश्वरी ने निजी अवसरों को सामाजिक दायित्व में बदलकर सभी शिक्षकों को एक नई राह दिखाई है। कार्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। वे सरकारी व्यवस्था में रहकर मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2022 में स्कूल की दर्ज संख्या 75 थी लेकिन उपस्थिति बहुत कम थी। डेमेश्वरी मैडम के मार्गदर्शन में शिक्षकों की टीम ने घर.घर जाकर पालकों से संवाद किया, घुमंतू समुदाय के बच्चों को स्कूल से जोड़ा और शिक्षा के प्रति भरोसा जगाया। आज इसी विद्यालय में दर्ज संख्या 98 पहुंच चुकी है और नब्बे फीसदी की औसत उपस्थिति है, यह सब शिक्षकों के समर्पण और सेवाभाव से ही संभव हो सका है। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने कहा कि मैं चाहती हूं कोई बच्चा सिर्फ इसलिए न पिछड़े क्योंकि उसके पास संसाधन नहीं हैं। माँ की ममता और शिक्षक की दृष्टि के साथ हर विद्यार्थी को संबल देना मेरी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में आशीबाई गोलछा कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य जीएल सिन्हा, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक गैंदलाल साहू, उमादेवी शर्मा, सार्थक गजेंद्र, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुशील कुल्हडिया, उपाध्यक्ष रेवती यादव, सदस्य ज्वाला सूर्यवंशी, शांति साहू के साथ शिक्षक चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# पालिका तथा शहरवासियों के हित के लिए लंबित कार्यों का निराकरण आवश्यक: निखिलकांत

## परिषद की बैठक में 7 एजेंडों पर हुई चर्चा, सर्व सम्मति से पारित किए गए प्रस्ताव

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद की बैठक बुधवार को दोपहर 12 बजे नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें नपा उपाध्यक्ष सहित समस्त पीआईसी मेंबरों सहित वार्ड पार्षद गणए विभाग प्रभारी अधिकारी गण व सीएमओ अशोक सलामे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बैठक के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने परिषद के समस्त सदस्यों व पीआईसी मेंबरों का अभिवादन कर परिषद के तीसरे बैठक के उद्देश्यों के बारे में बताया।

पश्चात 7 एजेंडों पर चर्चा शुरू हुई। इनमें प्रमुख एजेंडा क्रमांक 4 गुरू गोविंद सिंह उद्यान के सामने स्थित चौपाटी के दुकानों की नीलामी के संबंध में चर्चा हुई। परिषद सदस्यों से चर्चा उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि पालिका की आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा शहर के छोटे.बड़े व्यवसायियों को एक व्यवस्थित व सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने चौपाटी के दुकानों की नीलामी आवश्यक है। पालिका हित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी सदस्यों के समक्ष यह प्रस्ताव रखते हुए नीलामी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। श्री साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्वहित को परे रखकर शहर तथा शहर वासियों के विकास करना है। अतः लंबित कार्यों का निराकरण आवश्यक है। उन्होंने परिषद के सभी मेंबरों के सहयोग से शहर विकास को नई दिशा देने पर बल दिया। बैठक में प्रमुख रूप से विभिन्न पेंशन के 21 आवेदनों तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत पालिका को मिले 6 आवेदनों के स्वीकृति पर भी चर्चा हुई। साथ ही जाति एवं निवास संबंधी आवेदनों के निरकारण, 5 जून को आयोजित पीआईसी बैठक में पारित प्रस्ताव व 17 जुलाई को पीआईसी बैठक में लिए गए निर्णयों से परिषद के सदस्यों को अवगत कराकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष देवींचद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, श्रीमती ईश्वरी भोई, श्रीमती ज्योति रिन्कू चंद्राकर, पार्षद निश्चय चंद्राकर, जसप्रीत प्रीति बादल मक्कड़, सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, सीता डोंडेकर, मुस्ताक विक्की खान, श्रीमती जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, श्रीमती ओमीन टोमन कागजी, श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी, हरबंश ढिल्लो नानू भाई, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, श्रीमती माधुरी यदुए,बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, विजय साव, श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, सुश्री धनेश्वरी सोनवानी सहित सीएमओ अशोक सलामे, उप अभियंता दिलीप कश्यप, प्रभारी राजस्व निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, प्रभारी लेखापाल करण यादव, दुर्गेश कुंजेकर, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद बक्श, यशवंत ठाकुर, गुमान सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्वर्णकार महिला मंडल का सावन मिलन समारोह



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शहर के बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में रविवार को छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

सावन माह भगवान शंकर को समर्पित होता है। साथ ही इस माह में कान्हा जी के झूले की प्राचीन परंपरा का भी उत्सव माना जाता है। समारोह की शुरुआत भगवान कृष्ण की पूजा.अर्चना और सामूहिक आरती से हुई। लता सोनी ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी महिला सदस्यों ने कान्हा जी को झूला झुलाकर सावन की खुशियाँ साझा की। सावन में हरे रंग का विशेष महत्व रहता है, इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ी, चूड़ियों एवं श्रृंगार में नजर आईं। आयोजन में गेम प्रतियोगिता एवं सावन सुंदरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

गेम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता सोनी एवं द्वितीय स्थान तृप्ति सोनी ने प्राप्त किया। सावन सुंदरी का खिताब राखी सोनी को मिला, जबकि द्वितीय स्थान शिखा सोनी ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को प्रकृति के करीब लाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा समाज की महिलाओं को एकजुट कर संगठन को सशक्त बनाना रहा। समारोह के सफल आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष सरला सोनी, उपाध्यक्ष नीता सोनी, जयश्री स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष राखी सोनी, सचिव पूर्णिमा सोनी, समाज की लता सोनी, कुंती सोनी, सरोज सोनी, शिखा सोनी, सारिका सोनी, डाली सोनी, प्रतिमा सोनी, रेणु सोनी, श्वेता सोनी, रिंकी सोनी और तृप्ति सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

# बिजली बिल हॉफ योजना में परिवर्तन से 53 लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित: अंकित

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के सक्रीय कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बिजली बिल बढ़ने और बिजली की कटौती से परेशान छत्तीसगढ़ की जनता के ऊपर बिजली मूल्य बढ़ाने,स्मार्ट मीटर लगाने के बाद एक और बिजली गिरा दी है।

अंकित ने बताया कि विष्णुदेव सरकार ने बिजली बिल हाफ़ योजना में कटौती करने की घोषणा की है, ऐसा लगता है कि ये सरकार महतारी वंदन योजना में महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह देने के बदला सरकार ले रही है.इसके लिए सरकार शराब दुकानें बढ़ा रही है, स्कूलों की संख्या घटा रही है और 10 हज़ार से अधिक स्कूल बंद कर रही है, यूरिया उपलब्ध नहीं करवा रही,कोई नई सड़क नहीं बन रही,नए आवास नहीं आ रहे ।

अंकित ने बताया कि माननीय भूपेश बघेल जी की सरकार ने मार्च, 2019 से बिजली बिल हाफ़ योजना शुरु की थी.इसके अनुसार प्रदेश के 53 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलता था जो प्रभावित होंगे और अब नए आदेश से क़रीब 22 लाख उपभोक्ता बिजली बिल हाफ़ योजना से बाहर हो जाएंगे। अंकित ने नुकसान का गणित समझाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में 400 यूनिट तक बिजली बिल का आधा मतलब अगर 400 यूनिट बिजली उपयोग में लाते हैं तो सिर्फ़ 200 यूनिट बिजली का ही बिल पटाना होता है और 400 यूनिट से अधिक पर पूरा बिल जोड़ा जाता था, परन्तु अब भाजपा 100 यूनिट तक बिजली बिल आधा का मतलब है कि अब सिर्फ़ 50 यूनिट बिजली तक ही छूट मिलेगी.और अब 100 यूनिट से एक भी यूनिट अधिक खपत की तो पूरा बिल ही जोड़ा जाएगा। अंकित ने बताया कि कांग्रेस की भूपेश बघेल जी की सरकार ने जो छूट दी वह 1000 करोड़ से अधिक प्रति वर्ष थी.जो अब साय सरकार में मात्र यह छूट 200 करोड़ के आसपास ही होगी.

और तो और कांग्रेस की सरकार में पांच साल में एक पैसा भी बिलजी का बिल नहीं बढ़ा और 400 यूनिट में छूट मिलती रही.

ये अब तय होता जा रहा है कि भाजपा के राज्य सरकार अपने आप को चलाने में असमर्थ होती जा रही है और केंद्र के लिए ये सिर्फ उसके व्यापारी मित्रों के लिए चारागाह बनती जा रही है , और हाल ही में दिए खनन अनुमति से संभावित कटने वाले 6 लाख पेड़ों की तरफ से ध्यान भटकाने वाला काम है ।

# हाफ बिजली बिल योजना में कटौती गरीबों के पेट पर लात है: विधायक

## भूपेश सरकार की जनहितैषी योजना को समाप्त कर रही भाजपा, गरीबों को कर्ज में झोंकने की साजिश

समवेत शिखर संवाददाता

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के विरुद्ध एक और अन्यायपूर्ण कदम उठाया है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा लागू की गई हाफ बिजली बिल योजना, जिससे लाखों गरीबों को आर्थिक राहत मिली थी, उसे भाजपा सरकार ने लगभग खत्म कर दिया है। अब मात्र 100 यूनिट तक की खपत पर ही छूट दी जाएगी – वो भी इस शर्त के साथ कि यदि खपत 100 यूनिट से एक यूनिट भी अधिक हुई, तो उपभोक्ता को पूरा बिल भरना पड़ेगा।

पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इसे गरीबों के साथ विश्वासघात और जनविरोधी कदम बताते हुए तीव्र आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि - ÷डबल इंजन वाली भाजपा सरकार आम जनता की कमर तोड़ने पर तुली है। पहले बिजली दरों में बढ़ोत्तरी और अब हाफ बिल योजना की सीमा को घटाकर 100 यूनिट करना - ये सब योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को महंगाई और कर्ज के दलदल में धकेलने का काम है।

### भूपेश बघेल सरकार की योजना से गरीबों को मिला था सीधा लाभ

भूपेश बघेल सरकार द्वारा लागू की गई हाफबिल योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली खपत पर उपभोक्ताओं को 50त्न तक की राहत मिलती थी। इस योजना से अब तक 6044 करोड़ रुपए की सीधी आर्थिक मदद जनता को मिली थी। हजारों गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह योजना वरदान साबित हुई थी।

### वर्तमान भाजपा सरकार कर रही है गरीबों के अधिकारों का हनन

द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि राज्य सरकार के नए फैसले के मुताबिक अब हाफ बिल की छूट सीमा केवल 100 यूनिट तक सीमित कर दी गई है, जिससे राज्य के 90त्न से अधिक उपभोक्ता इस योजना से बाहर हो जाएंगे। इतना ही नहीं, सरकार ने यह भी आदेश जारी कर दिया है कि यदि खपत 100 यूनिट से एक यूनिट भी अधिक हुई तो पूरी सब्सिडी समाप्त कर दी जाएगी, जिससे गरीबों को और ज्यादा बोझ उठाना पड़ेगा।



### फ्री बिजली का झूठा सपना, असल में महंगाई का पहाड़

सरकार यह कह रही है कि वह प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मुफ्त बिजली देने की ओर बढ़ रही है, लेकिन यह योजना महज छलावा है।

**द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि** – क्या कोई गरीब परिवार लाखों रुपये की लागत से अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवा सकता है? क्या सरकार बताना चाहती है कि गरीबी में पिस रहे मजदूर और किसान बैंक से लोन लेकर बिजली के लिए कर्जदार बनें?

### भाजपा सरकार कर रही है गरीबों की उपेक्षा, उद्योगपतियों को रियायत

छत्तीसगढ़ एक सरप्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य है, इसके बावजूद आम जनता को महंगी बिजली दी जा रही है। वहीं भाजपा सरकार अपने समर्थक पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को सस्ती बिजली और सब्सिडी दे रही है।

यह सीधे तौर पर प्रदेश की भोली-भाली जनता के साथ विश्वासघात है। जो बिजली हमारे गांव-गरीबों के लिए होनी चाहिए, वह मुनाफाखोरों के हवाले की जा रही है।

अंत में श्री यादव ने कहा कि हम जनता के साथ खड़े हैं, उनके हक की हर लड़ाई सड़क से विधानसभा तक लड़ेंगे। भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों को जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा।

### मांगें

हाफ बिजली बिल योजना को पुनः 400 यूनिट तक पूर्ववत लागू किया जाए।

हाल ही में बढ़ाई गई बिजली दरों को तत्काल वापस लिया जाए।

गरीबों को मुफ्त सौर ऊर्जा की आड़ में लोन और कर्ज के जाल में फंसाने की साजिश बंद हो।

# प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति परसुली में सीएसपीसीपी प्रशिक्षण

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति परसुली पं क्र 862 मे सीएसपीसीपी प्रशिक्षण, समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष एवं कृषक सदस्यों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

आज प्रा कृ सहकारी समिति परसुली में प्राधिकृत अधिकारी एवं किसान सदस्यों का प्रशिक्षण पैक्स कम्प्यूटरीकरण एवं अन्य गतिविधियों संबंधित प्रशिक्षण का प्रारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र की पूजा अर्चना लोचन पटेल प्राधिकृत अध्यक्ष, एवं नरेन्द्र ठाकुर,प्रबधक जिला सहकारी बैंक कोमाखान,के द्वारा ,करके प्रारंभ हुआ प्रारंभ में अतिथि जनों का स्वागत अभिनन्दन किया गया।

लोचन पटेल ने प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी पर संक्षिप्त जानकारी दी और श्री ठाकुर जी विस्तार से जानकारी देने का निवेदन किया प्रबंधक जी प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी,इस अवसर पर सरपंच परसुली जल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल,याद राम सिन्हा, पूर्व संचालक रोशन तारक, देवेन्द्र शचक्रधारी,के अलावा, रूपचंद, यादराम पटेल, अशोक पटेल,रमन चक्रधारी, नेमीचंद दीवान,सेत राम पटेल,नोहर यादव,दुल सिंग ,तेज लाल साहू गणेश्वर यादव, नीलकंठ पटेल हुमन,छवि,डालेश्वर,के अलावा अनेक किसान सदस्य उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन - लोचन पटेल ने और आभार व्यक्त - तेज लाल साहू जी ने किया।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### कांवड़ यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग



**भाटापारा।** ग्राम धुर्राबांधा के ग्रामीण हेमंत वर्मा मजूं हेमचंद वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणो ने रामपुर पहुंचकर धूमनाथ महादेव मंदिर में ज़ेलेनाथ की पूजा अर्चना की गांव के लगभग 500 से अधिक शिवभक्त कांवड़ लेकर नाचते गाते जय घोष करते धुर्राबांधा से रामपुर तक का सफर पैदल तय किया उपरोक्त कांपड़ यात्रामें एस के वर्मा , पवन वर्मा, दिलीप वर्मा, नंदकिशोर वर्मा , गब्बर वर्मा, दुर्गेश वर्मा अजय वर्मा, चेतन वर्मा संजय वर्मा कन्हैया वर्मा , सुभाष सोनी , भूषण निर्मलकर, टिक्कू साहू , परदेशी यादव , हरिशंकर , मालिकराम यादव कमलेश सोनू, मुकेश शिवा अशोक करण ध्रुव, विनोद वर्मा , विनोद पटेल टिकेश्वर , दिलेश्वर कामता नितिश ,सुखरतन पाल कृपाराम दीपक व्यास सहदेव व्यास विश्वकर्मा विजय पाल विमल नारायण रामनाथ ध्रुव सहित अन्य लोग शामिल हुए ।

### विद्युत विभाग से रिटायर हुए सिन्हा

**भाटापारा।** स्थानीय विद्युत विभाग के सभागीय कार्यालय में कार्यरत सुरेश क ुमार सिन्हा अपनी 33 वर्ष



04 माह की अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण कर पद से निवृत्त हुए उक्त अवसर पर सभागीय अभियंता विरेन्द्र कुमार राठिया सहायक यंत्री वासुदेव साहू एल एन कवर सहायक इंजीनियर पुनीत शुकला जुनियर इंजीनियर मुकेश देवांगन अभिषेक साहू पूजा महिलांग बी पी साकेत मनोज साहू सभी जुनियर इंजीनियर सहित संजय बिहारी ,अग्रंवाल ,अंकित चंद्राकर दिनेश वर्मा ,निक्की राय, नंधी यादव,योगेश देवांगन , दुर्गेश साहू , गजेन्द्र वर्मा , संजय वैद्ये , शाहिल कोसले, सुरेन्द्र लहरे , नोविता यादव , संगमित्र साहू , कमलेश पटेल , संतराम पटेल सहित अन्य लोगो ने भावपूर्ण बिदाई दी। सुरेश सिन्हा को सेवानिवृत्ति के आखिरी दिन दोहरी सौगात मिली सुबह उन्हे अनुभाग अधिकारी का पदोन्नति के साथ ही शाम तक उन्हे एकाउंट आफि सर का दोहरा प्रमोशन प्राप्त हो गया । उनकी बिदाई पर बैंड बाजा व स्वागत जुलूस के साथ नगर भ्रमण कराते उनके गृह निवास लाया गया जहा सैकडों की संख्या में लोग उपस्थित थे संपूर्ण कार्यक्रम में संतोषी सिन्हा सोमेश सिन्हा रूपेश सिन्हा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जल ग्रुप प्रदाय योजना के अंतर्गत नवागढ़ से 54 गांव तक मीठा पानी की आपूर्ति की गई



**भाटापारा।** नांदघाट में शिवनाथ पर बने एनिकट का एक हिस्सा जो लिमतरा बलौदा बाजार जिले में स्थित है, वह कई सौ फीट क्षेत्र का तट कट गया है। वास्तविक ही कटाव निषेध का उपाय संभव नहीं है। इस कटाव के ऊपरी हिस्से के ग्रामो पर भी नजर रहेगी। तत्काल राहत के लिए एनी कट की कटाव को लाभ होगा। लिमतरा बलौदा बाजार जिले में रेत का अवैध खनन हुआ, उसके लिए जो नेशनल मेक तट से अवैध खनन हुआ, उसी के परिणाम में आज नदी का क्षेत्र लिमतरा बलौदा बाजार जिले की ओर बढ़ता जा रहा है। इसका परिणाम नांदघाट क्षेत्र के लोगों को भागना होगा, जल्दी अतिशीघ्र, कोई उपाय न करें कि पानी तक पहुंचने की व्यवस्था बहुत जरूरी है, अन्यथा सितंबर माह के अंत तक इंटरनेट के माध्यम से पानी खराब होना मुश्किल होगा। गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जायेगा।

## निधन



### भागा बाई साहू

**भाटापारा।** सुभाष वार्ड निवासी श्रीमती भागा बाई साहु पति स्व.भाऊ राम साहू का निधन हो गया वे सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन साव की माता व कमल नारायण, महेश साहु की भाभी थी।

# पुनर्मूल्यांकन के बाद बोर्ड परीक्षा परिणामों में चौथे स्थान पर गरियाबंद जिला

**समवेत शिखर संवाददाता**

**गरियाबंद।** शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम गरियाबंद शिक्षा के क्षेत्र मे एक और अभूतपूर्व उपलब्धियों वाला रहा।

जहां कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले ने राज्य मे चौथा रैंक हासिल किया। इसी प्रकार पुनर्मूल्यांकन रिजल्ट के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा स्थाई मेरिट लिस्ट जारी किया गया है। जिसमें कक्षा 10वीं मे जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, देवभोग के भूपेश कुमार नागेश ने 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर तीसरा रैंक प्राप्त किया है।

शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए अलग से मेरिट लिस्ट जारी किया जाता है, इसमें भी जिले के छात्रों ने अपने प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया है। इस वर्ष हायर सेकेंडरी स्कूल, सडक परसुली के शैलेन्द्र कुमार शोरी ने इस संवर्ग मे प्रथम स्थान प्राप्त कर मेरिट में अपना स्थान बनाया है। दूरस्थ ग्रामीण अंचल के छात्र भूपेश नागेश ने राज्य में तृतीय रैंक, तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के छात्र शैलेन्द्र शोरी ने संवर्ग में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।



# एक पेड़ छग महतारी के नाम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण आज

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।**छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए ÷एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम÷ कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह विशेष कार्यक्रम कल दिनांक 7 अगस्त 2025, गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे से इंटरनेशनल स्विमिंग पूल परिसर, सेंट्रल लाइब्रेरी, जी.ई. रोड, रायपुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर चेम्बर के पदाधिकारी, सदस्यगण, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों एवं इकाइयों में एक साथ वृक्षारोपण किया जाएगा, जिससे यह अभियान एक वृहद रूप ले सके और जनसामान्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी एवम कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी राजेश वासवानी एवम मंत्री धनेश मटलानी रितेश वाधवा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण मिल सके। छत्तीसगढ़ चेंबर का यह प्रयास राज्य को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कृषि उपज मंडी में धान व उन्हारी के भाव में भारी उछाल व तेजी

### 28 हजार बोरा धान अच्छे भाव मिलने से किसान प्रसन्नचित्त

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी में वर्षाकाल के बावजूद कृषि उपज जिंस की बंपर आवक का क्रम जारी है । बुधवार को धान व उन्हारी उपज बेचने आये दुर दराज के किसान अपनी उपज को बरसाती तालपत्री व अन्य सुरक्षा साधनो के बीच सुरक्षा उपाय करके मंडी प्रागंण के भीतर लेकर पहुचे प्रांगण में 28 हजार से भी अधिक बोरा धान की आवक हुई जिसमे विष्णु ज़ेग धान ने रिकार्ड उछाल मारते हुए 9150 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिक कर नई उंचाई में धान बिकने का रिकार्ड कायम किया।

इससे किसान काफी खुश नजर आये क्योकि उनकी उपज का बहुत अच्छा भाव मिल गया। श्री राम ई नेम धान 2700 रूपये प्रति



क्विटल पर बिका वही माहामाया नया धान का भाव ने भी उछाल मारते हुए 2442 रूपये के भाव में बिका मोटा रगजा धान 1930 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया एचएमटी ई नेम धान 2250 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका श्रीराम ई नेम 3271 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेंचा गया महामाया ई नेम धान 2422 रूपये के तेज भाव से बिका जबकि धनिया 7460 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया गेहू साधारण 2612 रूपये तथा कोदो 2215 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बिका सरसो 6425 रूपये प्रति क्विटल के अच्छे भाव में बिका राहर 6100 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका मूंग के भाव मे उछाल आ गया और वह 6750 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया बटरी 3793 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका चना 5800 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बेचा गया इसी तरह मसूर 5200 रूपये प्रति क्विटल के तेज भाव मे बेंचा गया इस प्रकार बरसात के मौसम मे भी किसानो को उनकी उपज का बहुत अच्छा भाव मिल रहा है। जिसके कारण भाटापारा कृषि उपज मंडी में दुर दराज के जिले बिलाईगढ सारंगगढ चापा जांजगीर बेमेतरा कवर्धा मुगेली बिलासपुर के अलावा अन्य जिलो के दूर दूर से आये किसानो ने अपनी उपज बेचकर धान व उनहारी के भाव में बहुत ज्यादा भाव प्राप्त किया ।

# अखंड रामनाम सप्ताह का समारोह 10 अगस्त से प्रारंभ होगा

**समवेत शिखर संवाददाता**

**भाटापारा।** देश प्रसिद्ध श्री अखंड रामनाम सप्ताह समारोह का 87 वा वार्षिक उत्सव का आयोजन आगामी 10 अगस्त दिन रविवार से प्रारंभ होगा जो निरंतर 16 अगस्त शनिवार तक चलेगा उक्त उत्सव का भव्य समापन समारोह व मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की भव्य शोभा यात्राा 17 अगस्त रविवार को निकलेगी । अखंड रामनाम सप्ताह अपनी तरह का पहला ऐसा आयोजन है । जो



बिना किसी बाधा के 87 वर्षो से अनवरत जारी है । प्रारंभ दिवस से अंतिम दिवस तक अखंड रामनाम सप्ताह मंडप में शहर की सभी भजन मंडलियो द्वारा दो दो घंटे जय रघु पति राधव राजा राम जय पतित तपावन सीताराम के साथ भजन वादन करते हुये पुरे एक सप्ताह का धुन शहर में गुंजेगा इसके पश्चात मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की भव्य विशाल शोभा यात्रा राम सप्ताह मंडप से 17 अगस्त को प्रारंभ होगी जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलो के दुर दराज के भजन किर्तन मंडली सैकड़ो की तादाद में शामिल होगें उक्त समारोह को देखने संपूर्ण नगर सहित देश के कोने कोने से लोग भाटापारा शहर पहुचते है जिसमें 80 हजारसे 01 लाख तक की भीड़ उमड़ पड़ती है उपरोक्त महत्तवपूर्ण धार्मिक आयोजन को देखते हुये हजारो की तादाद में पुलिस बल नगर में तैनात रहता है । जिसमें भाटापारा पलारी कसडोल लवन सुहेला सिमगा थाना के अलावा रायपुर से अतिरिक्त बल बुलाकर उक्त आयोजन के दौरान व्यवस्था कायम किया जाता है । बहरहाल इस वर्ष के आयोजन को लेकर प्रारंभिक तैयारी जारी है ।



### दावनबोड़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भाटापारा।** दावनबोड़ गांव में स्वरोजगार, स्वास्थ्य शिविर और फसल गणना का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे श्रीमती कौशल्या तुरकिया, गंगा प्रसाद वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, मीना वर्मा और चोवाराम वर्मा, परदेसी वर्मा और रामकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान की गईं। फसल गणना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी फसलों की स्थिति और सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# बिजली बिल हाफ योजना का लाभ प्रदेशवासियों को न देना, प्रदेश सरकार की विफलता : साहू

### बिजली हाफयोजना में 400 सौ यूनिट की छूट घटा कर मात्र 100 यूनिट कर देने का कांग्रेस ने किया विरोध

**समवेत शिखर संवाददाता**

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना पर 400 यूनिट से घटाकर मात्र 100 यूनिट तक की लिमिट की जाने का विरोध करते हुए ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा है कि अब इससे घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल ज्यादा आएंगे। साहू ने आरोप लगाया की बिजली हाफ योजना में यह बड़ा संशोधन करके प्रदेश की भाजपा सरकार जनता को लूट



रही है।

मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने बताया कि कांग्रेस की पिछली भूपेश बघेल सरकार ने 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल हाफ कर दिया था। इससे बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल रही थी। इसमें संशोधन करके प्रदेश की भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने 300 यूनिट कर मात्र 100 यूनिट कर दिया है।100 यूनिट से ज्यादा खपत पर यह योजना लागू नहीं होगी और उपभोक्ताओं को दोगुनी बिजली बिल पटाना पड़ेगा। मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा छत्तीसगढ़ में बिजली का उत्पादन सरप्लस है। तो इसका लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को क्यों नहीं दिया जा रहा उन्होंने बताया कि पूर्व में बिजली बिल हाफ की योजना से पूरे प्रदेश के 65 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को राहत मिल रही थी। राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना के साथ संशोधन कर प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं के साथ छल कर रही है यदि सरकार यह संशोधन वापस नहीं लेती तो पूरे प्रदेश में कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बड़ा आंदोलन करेंगे।

# कांग्रेसी पार्षदों ने किया परिषद की बैठक का बहिष्कार, सिर्फ 15 अगस्त ध्वजारोहण के प्रस्ताव का किया समर्थन

**समवेत शिखर संवाददाता**

**छुरा।** नगर पंचायत छुरा के परिषद बैठक में विभिन्न मुद्दों व एजेंडों को लेकर बैठक की कार्यवाही शुरू की गई ,जिसके प्रथम एजेंडा 15 अगस्त ध्वजारोहण के संबंध में चर्चा कर अन्य एजेंडों का विपक्षी पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया,कारण कुछ दिनों से नगर पंचायत छुरा के कई विभागीय मामलों में विपक्षी पार्षदों ने मुख्यनगरपालिका अधिकारी सहित अध्यक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूर्व में कितने भी प्रस्ताव हुए है, उसकी जानकारी, व पीआईसी की कार्यवाही को परिषद की बैठक में रखने के संबंध में बार बार बोला जा रहा, किंतु परिषद में उक्त बैठक की कार्यवाही को नहीं बताया जाता , वही नगर में पिछले कार्यकाल के कार्य जो चल रहे है, जैसे स्ट्रीट लाइट का प्रस्ताव किया गया था, जिसमें कोसमबुड़ा पुल से लेकर कृषि उपज मंडी, बस स्टैंड से मेमन पेट्रोल पंप तक व बजरंग चौक से मिंज घर तक तक जिसका टेंडर मिलने के पश्चात ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया। किंतु पूर्व के परिषद की बैठक में बात हुई थी,कि आवासपारा की महिलाएं व पुरुष,बच्चे अपने कार्य से निवृत्त होकर घर जाते है,अंतिम छोर होने की वजह से जंगली जानवर का खतरा बना रहता है ,इसलिएआवासपारा जाने के रास्ते में लाइट की व्यवस्था के संबंध में बात हुई थी , की पोल की




दूरी कम लेकर जितने पोल बचेंगे उसको एंब्रोस मिंज के घर से आवासपारा स्कूल तक लगाया जाएगा। किंतु अभी वर्तमान में वही पोल बच रहा है, जिसमें मनमानी चल रही है, परिषद के बिना जानकारी एवं बिना प्रस्ताव के नवीन मार्गो पर उक्त बचे हुए स्ट्रीट लाइट के पोलो को लगाया जा रहा है, परिषद के कांग्रेसी पार्षदों का कहना है कि हर कामों में अध्यक्ष के परिजनों द्वारा विभागीय कार्यो में बार बार हस्तक्षेप एवं मनमानी किया जा रहा है,जिसको नगरपालिका अधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य शासन नगरीय निकाय अपार सचिव ने 20/082010 के पत्र क्र.4426/3949/18/2010 में स्पष्ट उल्लेख है कि,निर्वाचित महिला पदाधिकारी के काम काज संचालन के दौरान उनके सगे संबंधियों के हस्तक्षेप पर प्रतिबंध लगाने हेतु पत्र जारी किया गया था, जिसकी खुलेआम उल्लंघन हो रहा, और आगे कहा गया कि पूर्व में स्ट्रीट लाइट का प्रस्ताव किया गया था, जिसमें बात हुई थी, बचे हुए स्ट्रीट लाइट पोल को आवासपारा जाने के रास्ते में लगाया जाएगा, तभी अगली बैठक की कार्यवाही होगी, साथ ही कई ऐसे एजेंडे है जो सीधे जनता से जुड़े हुए मामले है, जैसे नामांतरण, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं अन्य जिनको वर्तमान के एजेंडे से दरकिनार कर दिया गया था। वहीं सभी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कहा गया, कि नगर की व्यवस्था को सुधरते हुए, सभी पार्षदों द्वारा वार्ड के विभिन्न मुद्दे व मांग होते है, जिनकी बातों को गंभीरता लेते हुए उचित कार्यवाही करने की बात कही ।उक्त बाते कांग्रेस के पार्षदों ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

# प्रसंग या घटना एक ही रहती है, परंतु उसको समझने के लिए सभी व्यक्ति का दृष्टिकोण भिन्न-भिन्न रहता है

**समवेत शिखर न्यूज**

**अहमदाबाद।** विचार का सच्चा औदार्य अनेकांत ही है। पदार्थ व्यक्ति प्रसंग या घटना एक ही रहती है, परंतु उसको समझने के लिए सभी व्यक्ति का दृष्टिकोण भिन्न-भिन्न रहता है। एक घटना घटित होती है, परंतु प्रत्येक की संवेदना अलग-अलग होती है। केवल अपनी निगाह में सिमटे हुए दृश्य को लेकर हम दूसरों को निगाह में सिमटे दृश्य का इंकार करते है तो वह आग्रह दशा है।

प्रखर प्रवचनकार-संत मनीषि गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ.देव राजयश सूरीश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते हैं कि विचारों की आग्रह धारा एकांत है अनाग्रहता ही अनेकांत है। स्वयं की बात भी सत्य हो सकती है, यह विचार अनेकांत है। विचारधारा में ही के साथ भी का स्वीकार अनेकांत है। दो वीर पुरूष एक गांव की सीमा पर सामने सामने दिशा से आ रहे थे। सीमा के पास एक शहीद का पुतला था जिसके हाथ में दाल थी। दोनों ने ढाल देखी। एक ने कहा, यह सोने की ढाल है तो दूसरे ने कहा, नहीं-चांदी की ढाल है। दोनों अपनी बात पर ही अड़े रहे। बात बढ़ गई। जिहवा की बहस



**पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.**

की बात हाथ ने लड़ाई पर उतर आई। इतने में कोई सयाना व्यक्ति वहां से गुजरा। उसने दोनों की हकीकत सुनी। सयाने व्यक्ति ने कहा, आप एक मिनिट के लिए मेरी बात मान लें। एक दूसरे की जगह बजलकर ढाल को देखें। बाद में लड़ना हो तो लड़े। दोनों ने जगह बदल दी। दोनों का आग्रह टूट गया। सोने की ढाल का आग्रही कहने लगा, ढाल चांदी की भी है और चांदी की ढाल का आग्रही कहने लगा ढाल सोने की भी है। ही द्वारा उठी समस्या का समाधान भी में आया। कैसे? ढाल की एक बाजू सुवर्ण रंग से रंगी थी। दोनों का स्थान बदल गया तो दोनों ने एक दूसरे की दृष्टि से देखा तो बात समझ में आ गई। एक बाजू से देखो तो सोने की ढाल दूसरी ओर से देखो तो रुपे की ढाल जीवन में विचार का औदार्य यहीं है कि अन्य की विचारधारा का भी स्वीकार करें।

यदि विचारों के इस अनेकांतमय औदार्य को अपनाया जा सके तो अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है। अनेक तरह की गैर समझ के कारण हुआ मन मुटाव मिट जाता है स्नेह प्रेमी की उर्मियां लहर उठती है। जीवन में उदार विचार धारा के प्रति लक्ष्य दिया तो उनका ही प्रवाह बहेगा। हजारों अन्य विचारों के झौंके आएगें परंतु पवन की लहर की तरह उसे चले जाने दो मन का ऐरियल ऐसा सजाओ आप चाहे वहीं वाइब्रेशन को ग्रहण करें।एक बचपन में सुनी हुई बात याद आती है। एक उदार दिल सेठ थे। छोटे गांव से कमाने हेतु शहर में निवास करते थे। पुण्य ने साथ दिया और लक्ष्मी की कृपा हुई। सहज उदार मन होने के कारण सेठ ने दान देना शुरू कर दिया था। सेठ ने मित्रों को यह बात पसंद नहीं आती थी। बार-बार उनको दान देने से मना करते थे। पहले तो सेठ सुन लेते थे परंतु जब मित्र बार-बार ओब्जेक्शन करते थे तो उनको उत्तर देना जरूरी हो गया था। एक दिन सेठ ने सभी मित्रों को कह दिया, देखो, धंधे की बात में मुनाफा न हो परंतु घाटा भी नहीं जाता तो नुकसान नहीं है। जब मैं गांव से आया था तब मेरी नगदी मूडी मेरे पास नौ रुपए की ही थी। मैंने वह मूड़ी तिजोरी में सुरक्षित रख दी है। अब दान देते खाली तो जाऊं तो भी चिंता नहीं है। लोग दान को ग्रहण करके क्या करते है? उसकी मुझे परवाह नहीं है मेरी दान की प्रक्रिया चलती ही रहेगी। भोजन खाते है तो उसमें से भी निकम्मा जाता है। इसलिए खाना बंद नहीं कर देते है। दान निकम्मा भी जाए तो बंद कैसे कर दूं। दान देने का मौका सौभाग्य से मिलता है। मौका चला जाएगा तब देना चाहेंगे तो भी पात्र नहीं मिलेगा।

औदार्य व्यक्तित्व का विस्तार करता है संकुचितता व्यकित्व को सिमटती है बस, भाव का विस्तार करके शीघ्र आत्मा से परमात्मा बनें।

# बिजली बिल हाफ़ योजना ख़त्म कर भाजपा ने गरीबों का बजट बिगाड़ा : डॉ.फारूकी

### अबकी बार महंगाई की मार बहुत हो गया मोदी सरकार

**समवेत शिखर संवाददाता**

**खरोरा।**आम जनता का बजट बिगाड़ने में भाजपा सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है ये बात कहते हुए जिला कांग्रेस बलौदा बाज़ार प्रवक्ता डॉ अयाज अहमद फ़ारूक़ी ने कहा कि भाजपा द्वारा सरकार बनने से पहले मंहगाई कम करने के बड़े बड़े वादे किये जाते थे मगर सरकार बनने के बाद बेलगाम महंगाई बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कांग्रेस की भूपेश सरकार के 400 युनिट तक बिजली बिल हाफयोजना को समाप्त किया जा रहा है ज़्यादा तर आम उपभोक्ता के घर 300-400 यूनिट से ज़्यादा बिजली बिल नहीं आता इस कारण भूपेश सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली हाफ़ योजना लागू की थी जिससे जनता को महंगाई के



मार से राहत मिल सके मगर भाजपा की साय सरकार ने पहले स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली बिल बढ़ाया अब बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर गरीबों की महंगाई में कमर तोड़ने का काम किया है आज वो सिर्फ100 यूनिट तक ही छूट देने की बात कर रही है।

जिला प्रवक्ता ने कहा कि वैसे भी आम जानता साय सरकार में महंगे पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर के साथ ही महंगे राशन और हर जगह जीएसटी से परेशान है उसके ऊपर से बिजली बिल में 400 यूनिट तक हाफयोजना को बंद कर दुबले को दो आषाढ़ वाली बात कर रही है डॉ फ़ारूक़ी ने कहा है भाजपा सरकार से आज हर वर्ग परेशान है किसानो को खाद नहीं मिल पा रहा है एक पेड़ माँ के नाम का नारा दे कर पूरा हसदेव जंगल में लाखो पेड़ काटे जा रहे है सरकारी स्कूल युक्ति युक्त करण के नाम से बंद किए जा रहे है और शराब दुकान ज़्यादा खोल रहे आम जनता को सब तरफ़ से परेशान किया जा रहा है जिसमे बिजली बिल हाफ़ योजना को बंद कर जानता की कमर ही तोड़ी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### गंगालूर के जंगलों में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के इतावार गांव के जंगलों में बुधवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को मार गिराया है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इस संयुक्त अभियान को डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने अंजाम दिया। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल एक नक्सली का शव बरामद हुआ है और जंगल में सुरक्षाबलों की तैनाती बनी हुई है। एसपी यादव ने बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है और जैसे ही यह पूरी तरह संपन्न होगा, मुठभेड़ से जुड़ी विस्तृत जानकारी मीडिया को साझा की जाएगी। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि क्षेत्र में और भी नक्सलियों की मौजूदगी की आशंका है, जिसके चलते तलाशी अभियान को और तेज कर दिया गया है।

### एनटीपीसी-प्लांट में 1 मौत, 8 मजदूर घायल

**बिलासपुर।** बिलासपुर के एनटीपीसी सीपत प्लांट में हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हैं। हादसे के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के एनटीपीसी सीपत प्लांट में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है। प्लांट की यूनिट-5 में मेंटनेंस के दौरान प्री-एयर हीटर प्लेटफॉर्म टूट गया। हादसे में 1 मजदूर की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के मुताबिक मृत मजदूर का नाम श्याम साहू है, जो सीपत थाना क्षेत्र के पोड़ी गांव का रहने वाला था। हादसे के बाद तत्काल मजदूरों को एनटीपीसी हॉस्पिटल, सिम्स और अपोलो भेजा गया। सिम्स में एक की मौत हो गई, जबकि 8 लोगों का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में मजदूरों के परिजन एनटीपीसी प्लांट के बाहर मौजूद रहे। गेट के बाहर और सड़क पर चक्काजाम कर 8 घंटे तक प्रदर्शन किया। राहगीर परेशान होते रहे। गाड़ियों की कतार लगी रही, फिर गाड़ियों को डायवर्ट रूट से भेजा गया।

### 8वीं क्लास की छात्रा से 3 दोस्तों ने किया रेप

**सूरजपुर।** सूरजपुर जिले में 8वीं की छात्रा से 3 दोस्तों ने अलग-अलग दिन रेप किया है। 2 युवक 2 साल से रेप कर रहे हैं, जबकि तीसरे युवक ने पिछले महीने दुष्कर्म किया। इसका खुलासा तब हुआ, जब स्कूल में बच्ची को गुड टच बैड टच की जानकारी मिली। मामला चांदनी बिहारपुर क्षेत्र का है। 14 साल की छात्रा ने स्कूल में बताया कि, 3 युवकों ने उसके साथ अलग-अलग दिनों में कई बार रेप किया है। छात्रा अपने साथ कुछ दिन पहले हुए रेप के बाद गुमसुम थी। अब 4 अगस्त को पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ3 अलग-अलग स्नढ्ढक्र दर्ज कर लिया है। हालांकि उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। दरअसल, छात्रा ने रेप की जानकारी स्कूल प्रबंधन को दी। टीचर ने सूरजपुर बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को दी। छात्रा की सीडब्ल्यूसी में 31 जुलाई को काउंसलिंग की गई।

# विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने रामलला दर्शन के लिए 765 तीर्थ यात्रियों को किया रवाना

» ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए किया गया विदा

» मुख्यमंत्री विष्णु देव साय श्रवण कुमार बन कर श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन करने अयोध्या धाम भेज रहे





समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज रेलवे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 765 तीर्थ यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में अभूतपूर्व खुशी दिखी। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय श्रवण कुमार बन कर श्रद्धालुओं को श्रीरामलला दर्शन करने अयोध्या धाम भेज रहे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ विशेषकर दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 765 तीर्थयात्री श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत श्री रामलला दर्शन के लिए आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम) के संपूर्ण सुविधायुक्त ट्रेन के माध्यम से अयोध्या जा रहे है। उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकांशत, अपने परिवार एवं मित्रों को विदा करने रेलवे स्टेशन आते है, लेकिन आज पहली बार बुजुर्गों को विदा करने के लिए सामूहिक रूप से यहां आए हैं, जिसके लिए पुण्य के भागी होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा होती है कि वे धार्मिक स्थलों में जाकर अपने ईष्ट देव के दर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि आज इस अभूतपूर्व क्षण में सभी दर्शनार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता एवं खुशी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के रेलवे स्टेशन का 6 करोड़ रूपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिससे यह रेलवे स्टेशन एक नया स्वरूप लेगा। उन्होंने तीर्थयात्रियों से बातचीत की तथा उन्हें सुखद यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए सौभाग्य का दिन है। जहां हम राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से श्री रामलला के दर्शन हेतु श्रद्धालुगणों को रवाना कर रहे है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय श्रवण कुमार बन कर छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अनेक धार्मिक स्थलों का दर्शन और भ्रमण करने भेज रहे है। पहले रायपुर एवं दुर्ग रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना होती थी, लेकिन आज पहली बार राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से तीर्थ यात्रियों को श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हो रही है। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। ऐसा संयोग है कि माता कौशल्या की भूमि तथा भांचा श्रीराम की भूमि अद्धभुत है। छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम भेजने की शुरूआत की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया तथा मनोबल बढ़ाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया।

## रूद्रामहाभिषेक हवन पूजन में शामिल हुए सीएम

### पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए की सुख-समृद्धि की कामना



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा पवित्र सावन मास पर आयोजित रूद्रामहाभिषेक हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ अभिषेक किया तथा पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं प्रदेशवासियों के लिए सुख-शांति-समृद्धि की कामना की। इस अवसर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, देवीचंद राठी, संदीप दीवान, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सावन के अंतिम सोमवार पर हुआ खड्ग रूद्रा अष्टाध्यायी से रूद्राभिषेक

### दुर्गा मंदिर में पं. अनुराग एवं पं. पवन के सान्निध्य में हुआ कार्यक्रम

समवेत शिखर संवाददाता



**भटगांव (सारंगढ़-बिलाईगढ़)।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नगर पंचायत भटगांव का वातावरण शिवमय हो उठा। स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में पं. अनुराग दुबे एवं पं. पवन कुमार दुबे के संयोजन में पारंपरिक वैदिक विधियों से खड्ग रूद्रा अष्टाध्यायी के मंत्रोच्चार के साथ भव्य रूद्राभिषेक संपन्न हुआ।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रूद्राभिषेक का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। शिवलिंग पर भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, मधु, घृत, पुष्प व बिल्वपत्र अर्पित कर भगवान रूद्र का आवाहन किया। मंदिर परिसर 'नमः शिवाय' के मंत्रों और शंखध्वनि से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर डा. गिरीश वैष्णव, दीपक साहू, शिव साहू, राहुल साहू, कलि साहू, सहदेव साहू, प्रतिमा साहू, विवेक ज्योति केशरवानी, तोषण एकता केशरवानी, सदानंद-लता जायसवाल, विनय पटेल सपरिवार, आनंदराम आदित्य, सुखराम आदित्य, धनंजय साहू (गोल साहू) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव का पूजन कर जीवन में कल्याण, सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना की।

इस मौके पर पं. अनुराग दुबे ने कहा कि श्रावण मास का प्रत्येक सोमवार विशेष होता है, परंतु अंतिम सोमवार आत्मचिंतन और शिवत्व की अनुभूति का अंतिम पड़ाव होता है। खड्ग रूद्रा अष्टाध्यायी के पाठ से आत्मा का शुद्धिकरण होता है।

# मेघ बसंत कॉलोनी में हुआ सावन उत्सव



समवेत शिखर संवाददाता


**महासमुंद।** मेघ बसंत कॉलोनी में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर भजन डांस एवं अन्य प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया गया।

श्रीमती सती साहू ने पवित्र मास सावन की महता पर प्रकाश डाला और सभी बहनो को सावन उत्सव की बधाई दी। सोलह सिंगार प्रतियोगिता के निर्णायक मधुलता शर्मा, शशि थवाईत, सावित्री भार्गव थी। जिसमें प्रथम किरण साहू द्वितीय रूबी वर्मा तृतीय दीप्ति थवाईत, फूगा उछालो सिक्का जमाओ में प्रथम रानी द्वितीय किरण साहू तृतीय सविता महंती रही।इसी तरह ग्लास उठाओ चूड़ी जमाओ में प्रथम वंदना अग्रवाल द्वितीय नेहा कृष्णानी तृतीय एकता खनूजा रही। बहनों की नृत्य एवं भजन ने सबका मन मोह लिया। सभी विजेताओ बहनों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वीणा प्रधान, सरोज श्रीवास्तव, रेखा कृष्णानी, नीतू जैन, रितु चंद्राकर, सिम्पल गुप्ता, तनुजा साहू, प्रियंका अजय थवाईत, वैभव श्रीवास्तव योगदान रहा।

### भोपाल से रीवा के लिए स्पेशल रक्षाबंधन ट्रेन

**भोपाल।** भोपाल से रीवा के बीच रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन चलेगी। 8 अगस्त की शाम को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से यह रैक रवाना होगा। वहीं, 9 अगस्त की सुबह रीवा से भोपाल के लिए लौटेगी। यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य एक-एक ट्रीप की एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। शुक्रवार, 8 अगस्त की शाम 7.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी। यह रात 8.28 बजे विदिशा, 10.35 बजे बीना, 11.40 बजे सागर, रात 12.45 बजे दमोह, रात 2.50 बजे कटनी मुड़वारा, सुबह 4.48 बजे मैहर, सुबह 5.15 बजे सतना और रीवा में सुबह 6.20 बजे पहुंचेंगी। शनिवार, 9 अगस्त की सुबह 7.35 बजे रीवा स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी।




### सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**महासमुंद।** स्थानीय शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सावन महोत्सव का आयोजन बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में एकत्र होकर राधा.कृष्ण की मूर्तियों की विधिवत पूजा.अर्चना एवं सामूहिक आरती में शामिल हुए। भजन.कीर्तन के मधुर स्वर ने संपूर्ण वातावरण को कृष्णमय बना दिया। सावन माह की परंपरा अनुसार राधा.कृष्ण की झूला झांकी सजाई गई, जिससे श्रद्धालु भाव.विभोर हो गए। कार्यक्रम में सावन झूला झूला कर महिलाओं एवं बच्चों ने उत्सव का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें श्रीमती खुश्बू साहू ने प्रथम स्थान और श्रीमती छोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राधा.कृष्ण झांकी एवं झूला सजावट में श्रीमती शिखा सोनी और कार्यक्रम व्यवस्था में श्रीमती शोभा गोस्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 'यशस्वी 4.0' में 5 हजार से अधिक महिलाओं को शिक्षा व कौशल विकास में सहयोग करेगा जिंदल फाउंडेशन

### छत्तीसगढ़, ओड़िशा और झारखंड की 16 से 30 वर्ष की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मिलेगा लाभ, आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2025

समवेत शिखर संवाददाता

**रायगढ़।** जिन्दल स्टील की सामाजिक इकाई जिन्दल फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख योजना ÷यशस्वी÷ के चौथे संस्करण की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ की 5,000 से अधिक महिलाओं और युवतियों को उच्च शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

÷यशस्वी÷ योजना के चौथे संस्करण की घोषणा करते हुए जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा ÷हम मानते हैं कि सशक्त महिलाएं किसी भी प्रगतिशील समाज की रीढ़ की हड्डी होती हैं। 'यशस्वी' कार्यक्रम के माध्यम से हम उन महिलाओं और युवतियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं जो अपने एक बड़े सपने को साकार करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं।

ये महिलाएं और युवतियां शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से न केवल अपने जीवन को बदल सकती हैं, बल्कि समाज में भी बदलाव की अग्रदूत बन सकती हैं। हमें गर्व है कि यह पहल अब तक 11,000 से अधिक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला चुकी है। इस वर्ष हम और अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

यशस्वी योजना के तहत छत्तीसगढ़ के साथ ही ओडिशा और झारखंड की 5,000 से अधिक लाभार्थी महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसमें लाभार्थियों की आयु सीमा 16 से 30 वर्ष एवं पारिवारिक आय 2 लाख रूपये से कम रखी गयी है। योजना के तहत एडमिशन फीस, ट्यूशन फीस, परीक्षा शुल्क एवं अन्य आवश्यक खर्च शामिल होंगे। इसमें लाभार्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक स्थिति, मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रवेश का प्रमाण आदि के आधार पर किया जाएगा। इसमें आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2025 रखी गयी है। इसके लिए आवेदन जिंदल फाउंडेशन की वेबसाइट https//jindalfoundation.com/Yashasvi के माध्यम से किया जा सकता है।

गौरतलब है कि साल 2022 में शुरू हुए यशस्वी कार्यक्रम के माध्यम से जिन्दल फाउंडेशन अब तक 11,000 से अधिक महिलाओं और युवतियों को शिक्षा और कौशल विकास में सहायता प्रदान कर चुका है। इनमें से लगभग 8,000 महिलाएं आज रोजगार, स्वरोजगार या उद्यमिता के जरिए आत्मनिर्भर बन चुकी हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बस्तर जिले के 87 तीर्थ यात्रियों को किया गया रवाना




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित श्रीरामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत 05 अगस्त की शाम को बस्तर जिले के कुल 87 तीर्थ यात्रियों को टाउन हॉल के सामने बस से रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने श्रीरामलला दर्शन योजना के यात्रियों को पुष्प भेंट कर सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी।

### निर्माण कार्यों हेतु 21 लाख 69 हजार 6 सौ रूपये प्रशासकीय वित्तीय राशि स्वीकृति

**नारायणपुर।** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना व मार्गदर्शिका में निहीत निर्देशों एवं प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सांसद श्री महेश कश्य संसदीय क्षेत्र-10 बस्तर से ई-शाक्षी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग नारायणपुर एवं एक्ज्यूकेटिव इंजिनियर यूएडी बस्तर डिवीजन के द्वारा दी गई तकनीकी स्वीकृति आधार पर सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (सांसद निधि) वर्ष 2025-26 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए तेरदुल में लाटापारा में सनउ घर से मुरहा घर तक 200 मीटर सीसी सड़क हेतु 06 लाख 86 हजार 6 सौ रूपये।

# स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं महारानी अस्पताल का किया निरीक्षण

### महारानी अस्पताल होगा 300 शैयायुक्त हॉस्पिटल के रूप में अपग्रेड

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सहित डिमरापाल स्थित 240 सीटर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं महारानी अस्पताल का निरीक्षण किया और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को प्रदेश का सबसे अच्छा अस्पताल बनाने पर बल देते हुए कहा कि यहां पर बस्तर के लोगों को जल्द ही बड़े शहरों की तरह विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित बनाया जा रहा है और इसके संचालन के लिए भी एमओयू किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रसोईघर, औषधि कक्ष, एसएनसीयू, आईसीयू तथा फीमेल सर्जिकल वार्ड का अवलोकन किया। रसोईघर में मरीजों को दी जाने वाली पौष्टिक आहार यथा मिलेट्स लडडू एवं महुआ लडडू का स्वाद लेकर परखा। साथ ही फीमेल सर्जिकल वार्ड में मरीजों से रूबरू होकर उनकी स्वास्थ्य का हाल पूछा तथा उपचार, दवाई एवं भोजन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने औषधि कक्ष में विभिन्न दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली और एंटी वेनम एवं एंटी रेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त सुलभता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की स्थापना सम्बन्धी पूरी जानकारी ली और थर्ड फ्लोर तक भ्रमण कर विभिन्न वार्डों के निर्माण सहित एमआईआर,सिटी स्कैन तथा ऑपरेशन कक्ष इत्यादि का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने महारानी अस्पताल में बाह्य रोगी कक्ष में आभा ऐप के माध्यम से मरीजों के पंजीयन एवं उनके उपचार स्थिति का अद्यतन ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने की पहल को सराहा। वहीं आपातकालीन कक्ष तथा आईसीयू में उपचाररत मरीजों से रूबरू हुए, साथ ही शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य संस्थान का अवलोकन कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में डायलिसिस सुविधा के बारे में भी जानकारी ली और निर्धन एवं जरूरतमन्द मरीजों को संवेदनशीलता के साथ त्वरित सेवाएं देने कहा।उन्होंने महारानी हॉस्पिटल की बेहतर व्यवस्था एवं महत्ता को मद्देनजर रखते हुए इसे 300 शैयायुक्त हॉस्पिटल के रूप में अपग्रेड करने के लिए भी आवश्यक अधोसंरचना एवं सेटअप के साथ प्रस्ताव जल्द प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। जिससे जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में सीटों की वृद्धि के लिए सकारात्मक पहल किया जा सके। इस दौरान अध्यक्ष सीजीएमएससी श्री दीपक महस्के, महापौर श्री संजय पाण्डे सहित स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, कलेक्टर श्री हरिस एस तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बस्तर को मेडिकल क्षेत्र में भी अच्छी सेवाएं देते हुए बनाना है अग्रणी : स्वास्थ्य मंत्री

### शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की साधारण सभा समिति की बैठक आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा काम करने की सरकार प्रयास कर रही है। अब बस्तर भी कई ऊंचाइयों को छू रहा है, मेडिकल क्षेत्र में भी अच्छी सेवाएं देते हुए अग्रणी बनाना है। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से क्षेत्र में मलेरिया, एनीमिया, शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण किया जाना है। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई के साथ आपदा प्रबंधन हेतु विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए भी कहा। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वशासी संस्था शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, जगदलपुर के साधारण सभा समिति की बैठक महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया ने कहा कि संस्थान में अधोसंरचना के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देकर कार्य को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए और संस्थान में स्वास्थ्य सेवाएं व शिक्षा के लिए आवश्यक उपकरणों का क्रय सीजीएमएससी के माध्यम से करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीजीएमएससी के अध्यक्ष श्री दीपक महस्के, महापौर श्री संजय पाण्डेय, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, कलेक्टर श्री हरिस एस सहित समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



# विद्यार्थी बचपन से ही किसी एक क्षेत्र में पारंगत होकर अपने भविष्य को सफल बना सकते हैं : कलेक्टर

### कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की उपस्थिति में आयोजित किया गया पालक-शिक्षक मेगा बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं संर्वागिण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य सकारात्मक वातावरण एवं बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों को अवगत कराने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया, जिसके तहत् जिले में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगलापारा में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई की उपस्थिति में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने मेगा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि माता पिता ही बच्चों के होते हैं प्रथम शिक्षक, उनके बताये हुए राह पर चलकर अपने जीवन को साकार करने के लिए शिखर तक पहुंचने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की माता पिता के बताए रास्ते पर चल कर अपने जीवन को सफल बनाने कई कठिन परिस्थितियों का समना करते हुए सफलता मिलती है, जिसमें शिक्षक के साथ-साथ माता पिता का भी बहुत बढ़ा योगदान होता है। कलेक्टर ममगाई ने पालक सम्मेलन में उपस्थित पालको से आव्हान करते हुए कहा कि स्कूल से घर जाने के बाद अपने बच्चों को कम से कम आधा घण्टें पढ़ाई के संबंध में चर्चा करें, जिससे बच्चों में पढ़ाई के संबंध में रूचि बढ़ने लगेगा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों के द्वारा कलेक्टर बनने के बारे में जानकारी पूछा? उनका जवाब देते हुए कलेक्टर ममगाई ने कहा कि माता पिता ही बताए राह पर चल कर मैनें नियमित रूप से समाचार प्रत्र पत्रिकाओं अध्ययन किया और विषय का चयन अपने रूचि के अनुसार करना पढ़ता है, साथ ही कठिन परिश्रम ही अपने सपना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार तथा प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अजीत सिंह के दिशानिर्देश एवं संरक्षण अधिकारी सुश्री किरण नैलवाल के मार्गदर्शन में ÷बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ योजना के अंतर्गत करियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुलेंगा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नारायणपुर में आयोजित किया गया, जिसमें सनातन मेरसा द्वारा छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण की महत्ता एवं करियर की आवश्यकता के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे दृ महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम आदि की विस्तृत जानकारी भी उपस्थित छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं कक्षा नवमी से बारहवीं तक के लगभग 300 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चलित प्रयोगशाला ने पखांजूर-भानुप्रतापपुर के होटल-ढाबों से लिए सेम्पल

समवेत शिखर संवाददाता



**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में 'बने खाबो-बने रहिबो' के तहत पंखाजूर एवं भानुप्रतापपुर क्षेत्र में भी विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट, ढाबा और होटलो का निरीक्षण किया गया।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लघंन पाये जाने जैसे- अखबारी कागज का उपयोग, बासी खाद्य पदार्थो का उपयोग, पिलाये जाने वाले पानी की जांच, वेज-नान वेज का एक कण्टेनर में रख रखाव, खाद्य पदार्थो की अस्वच्छ हैंडलिंग इत्यादि के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई, साथ ही आम जनता को खाद्य पदार्थो से संबंधित जानकारी दिया गया। खाद्य नमूना के रूप में 06 सेम्पल जांच तथा चलित प्रयोगशाला के द्वारा 55 से अधिक नमूना लिया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार चलित प्रयोगशाला वाहन के द्वारा प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनता व खाद्य कारोबारियों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ फर्मो से अवमानक खाद्य पदार्थो को नष्ट कराया गया तथा जिन प्रतिष्ठानों में कमियां पाया गया उनको नोटिस जारी किया गया है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# चयनकर्ताओं के सामने अब एशिया कप की होगी चुनौती

**नईदिल्ली (ए)।** भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा पूरा हो गया है और खिलाड़ी स्वदेश लौट रहे हैं। शुभमन गिल की अगुआई में भारत ने इस दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम के सामने अब अगली चुनौती एशिया कप की होगी जहां वह खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से होनी है और इस बार यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा।



चयनकर्ताओं के सामने एशिया कप के लिए टीम चुनने की चुनौती होगी। भारतीय टी20 टीम ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। माना जा रहा है कि अगस्त के तीसरे सप्ताह तक एशिया कप के लिए टीम घोषित हो जाएगी। इसके लिए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के हवाले से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने सभी विकल्प खुले रखे हैं। भारत अगर 28 सितंबर को होने वाले महाद्वीपीय टी20 टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो वेस्टइंडीज के खिलाफघरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज इसके एक हफ्ते से भी कम समय में शुरू होगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच दो अक्तूबर से अहमदाबाद में खेला जाना है। यशस्वी आईपीएल के पिछले सीजन में शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक से 650 रन बनाए थे।

# इंग्लैंड दौरा समाप्त कर स्वदेश लौटे मोहम्मद सिराज

### गृह नगर हैदराबाद एयरपोर्ट पर आए नजर

**हैदराबाद (ए)।** इंग्लैंड के खिलाफपांच मैचों की सफल सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ी अब स्वदेश पहुंच रहे हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज बुधवार को लंदन से मुंबई पहुंचे जहां से उन्होंने हैदराबाद की उड़ान भरी। सिराज का प्रदर्शन इंग्लैंड दौरे पर शानदार रहा और उन्होंने कुल 23 विकेट झटके। वह इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे जिसकी मदद से भारत यह सीरीज बराबर करने में सफल रहा था।

**सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर बिखेरी थी चमक**

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 की बराबरी पर छूटी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल की अगुआई में गई थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बिना भी टीम ने इस दौरे पर दमदार प्रदर्शन किया। सिराज ने विशेष रूप से चमक बिखेरी। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच खेले और कुल 185.3 ओवर तक गेंदबाजी की। उन्होंने इस दौरान 23 विकेट चटकाए जिसमें से नौ विकेट पांचवें टेस्ट मैच में लिए। यह सिराज का किसी टेस्ट द्विपक्षीय सीरीज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।




**फैंस ने किया स्वागत**

सिराज ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे जहां कुछ प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वदेश पहुंचने पर फैंस ने सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफदेने की मांग की, लेकिन सिराज आगे बढ़े क्योंकि उन्हें हैदराबाद के लिए उड़ान भरनी थी। सिराज फिर अपने गृह नगर हैदराबाद एयरपोर्ट पर नजर आए। वहां भी वह फैंस से घिरे दिखे।

**गंभीर भी स्वदेश लौटे**

इंग्लैंड दौरे के बाद भारतीय खिलाड़ी समूहों में स्वदेश के लिए रवाना हुए हैं। सिराज से पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार को स्वदेश पहुंचे और दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से बात भी की थी। गंभीर ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई थी और कप्तान गिल तथा सिराज की जमकर प्रशंसा की थी। गंभीर ने कहा था, मैं खुश हूं और मुझे लगता है कि खिलाड़ी इसके हकदार थे। मोहम्मद सिराज ने शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, सिर्फसिराज ही नहीं, बल्कि पूरी टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया। मेरे लिए कोई एक नाम लेना कठिन है, लेकिन चाहे शुभमन हो या सिराज या कोई और, मेरे ख्याल से पिछले दो महीनों में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

### इंग्लैंड के कोच मैकुलम भी हुए भारतीय टीम के मुरीद

**लंदन ( ए )।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने इस बात को स्वीकार किया है कि भारत द ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को जीतने का हकदार था। भारत ने इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट मैच में हराकर सीरीज 2-2 से बराबर कर दी थी। पांचवें दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन चाहिए थे, जबकि भारत को चार विकेट की जरूरत थी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके जिससे भारत यह मुकाबला छह रन से जीतने में सफल रहा था।

### फॉर्मूले नहीं, सिर्फ विश्वास : 'धड़क 2' की सफलता पर प्रगति देशमुख का बयान

**मुंबई (ए)।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धड़क 2' सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। शुरुआती प्रतिक्रियाएं इसकी साहसी कहानी, शाज़िया इक़बाल और राहुल बडवेलकर की लेखनी की जमकर तारीफकर रही हैं। निर्माता और क्रिएटिव लीडर प्रगति देशमुख कहती हैं, हमारी प्रेरणा हमेशा से क्रिएटर की सोच रही है। हाल ही में कंटेंट हब समिट में उन्होंने अपनी कुछ मुख्य मूल्य व्यवस्थाओं पर बात की-हम ऐसी कहानियों को प्रोत्साहित करते हैं जो ईमानदारी से कुछ कहना चाहती हैं। हर प्रोजेक्ट अलग होता है, इसलिए हम डील्स में फॉर्मूला नहीं अपनाते। हमारी साझेदारियाँ भरोसे, लचीलापन और आपसी सम्मान पर आधारित होती हैं। महान सिनेमा विश्वास से बनता है, न कि किसी तयशुदा तरीके से। उन्होंने इंडस्ट्री के बदलते स्वरूप पर भी बात कीः अब भाषाई सीमाएं धुंधली हो रही हैं, और थिएटर व डिजिटल फिल्मों का अंतर भी जटिल होता जा रहा है। सफलता सिर्फबॉक्स ऑफिस से नहीं मापी जा सकती ङ्क म्यूजिक और डिजिटल रिलीज़ भी अहम है। उन्होंने 'कालीधर लापता' का उदाहरण दिया -वो फिल्म पहले थिएटर में रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन बाद में डिजिटल पर आई और साल की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म बन गई। यही वो लचीलापन है जिसे हम अपनाते हैं। कहानी से सब शुरू होता है, लेकिन उसे ज़मीन पर लाने के लिए क्रिएटिव और फाइनेंशियल संतुलन भी ज़रूरी है,- प्रगति कहती हैं। आज जो प्रोजेक्ट हम चुनते हैं, वो कल का दर्शक अनुभव तय करेगा। बदलाव तो होगा ही, लेकिन हमारा मकसद वही रहेगा -ऐसी फिल्में बनाना जो मायने रखती हों। इस साल ज़ी स्टूडियोज ने 8 नेशनल अवॉर्ड्स जीते हैं- जिसमें '12वीं फेल' जैसी फिल्मों को सराहा गया।



# भारत के 100 शहरों में 'स्टीलएज महोत्सव' की शुरुआत

### ज्वेलर्स को बीआईएस सर्टिफाइड फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के प्रति किया जा रहा है जागरूक



**नई दिल्ली/रायपुर।** फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध गुनेबो ब्रांड पिछले 90 वर्षों से भी अधिक समय से भारत में स्टीलएज और चबसेफ्स जैसे अपने प्रमुख ब्रांड्स के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। कंपनी 1 अगस्त से 14 अगस्त तक अपना प्रमुख मार्केटिंग कैंपेन 'स्टीलएज महोत्सव' संचालित कर रही है।

इस अभियान का उद्देश्य देशभर के ज्वेलर्स को बीआईएस और बीआईएस सर्टिफाइड सेफ्स, सर्टिफाइड स्ट्रॉन्ग रूम डोर्स और सर्टिफाइड वॉल्ट्स के बारे में जागरूक करना है। यह कैंपेन 100 से अधिक शहरों में चलाया जा रहा है, जो फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस इंडस्ट्री में अब तक के सबसे बड़े ऑन-ग्राउंड मार्केटिंग कैंपेन में से एक है। स्टीलएज महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ज्वेलर्स को इस बात के लिए जागरूक करना है कि बीआईएस सर्टिफाइड फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस क्यों जरूरी हैं और कैसे वे अपने ज्वेलरी स्टोर्स के लिए सही सेफ, वॉल्ट, स्ट्रॉन्ग रूम डोर्स और हाई-सिक्योरिटी लॉक्स का चुनाव कर सकते हैं। देशभर में 1 से 14 अगस्त तक चलने वाले 'स्टीलएज महोत्सव' कैंपेन के तहत यह ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन 4 अगस्त को रायपुर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें गुनेबो के स्थानीय चैनल पार्टनर्स का सहयोग शामिल रहा। कैंपेन में लाइव डेमोंस्ट्रेशन, विशेषज्ञों की अगुवाई में चर्चा और इंटरएक्टिव सेशंस आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से ज्वेलर्स को जागरूक किया गया कि फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस उनके व्यवसाय की सुरक्षा को कैसे बेहतर बना सकते हैं। ब्रांड की पहुँच और भागीदारी को और मजबूत बनाने के लिए इस अभियान के दौरान ग्राउंड लेवल ब्रांड एक्टिवेशन, विशेष रूप से डिजाइन की गई प्रोडक्ट वैन और प्रमुख शहरों में ब्रांड स्टोर्स पर बीआईएस सर्टिफाइड सेफ्स की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए अनिर्बान मुखुति, हेड मार्केटिंग एंड प्रोडक्ट मैनेजमेंट, एशिया, गुनेबो सेफ स्टोरेज, ने कहा, स्टीलएज महोत्सव एक पैन इंडिया कैंपेन है, जिसका उद्देश्य भारत के ज्वेलर्स समुदाय से जुड़कर उन्हें बीआईएस सर्टिफाइड फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के प्रति जागरूक करना है।

# स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली (ए)।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एसजीएलटीएल) ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है, जो मजबूत रेवन्यू ग्रोथ और बेहतर प्रॉफिट मार्जिन के कारण संभव हुआ है। कंपनी ने दीर्घकालिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त करने वाली रणनीतिक पहल भी की है।

एसजीएलटीएल ने बायोकॉन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर के साथ एक लॉगटर्म एजेंसी एग्रीमेंट किया है, जिसके तहत सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित प्रमुख दक्षिण पूर्व एशियाई बाजारों में बायोकॉन के कटर बेस को एसजीएलटीएल के निर्मित प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट संभव होगा। यह पार्टनरशिप न केवल कंपनी की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को बढ़ाएगी, बल्कि एसजीएलटीएल की मैनुफैक्चरिंग कैपेसिटी को बायोकॉन के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के साथ जोड़कर हाई-ग्रोथ इंडस्ट्रियल सेग्मेंट्स तक पहुँच भी खोलेगी। अपनी वैश्विक उपस्थिति को और मज़बूत करते हुए, एसजीएलटीएल ने दक्षिण कैरोलिना, अमेरिका में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, स्टैंडर्ड इंजीनियरिंग इंक., की स्थापना की है, जो इंडस्ट्रियल मैनुफैक्चरिंग का एक उभरता हुआ केंद्र है। यह नई इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स एंड प्रोसेस इक्विपमेंट सेगमेंट ध्यान केंद्रित करेगी और इससे कंपनी को उत्तरी अमेरिकी बाज़ार में ग्राहकों के और करीब लाने, सप्लाई चैन एफिशिएंसी में सुधार लाने और विकास के नए अवसर खोलने की उम्मीद है। वित्तीय प्रदर्शन के संदर्भ में, एसजीएलटीएल ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 178 करोड़ रुपए की कुल आय दर्ज की, जो साल-दर-साल 23.6% की वृद्धि दर्शाती है। एबिटडा 35 करोड़ रुपए रहा, जो साल-दर-साल 31.9% की वृद्धि दर्शाता है।

# एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों को एपीके धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश साझा किया

**मुंबई (ए)।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एपीके (एंड्रॉइड पैकेज किट) धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी है। इसका उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए ऐसी धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एपीके घोटाले में धोखेबाज आमतौर पर बैंक कर्मचारियों या सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करके सोशल इंजीनियरिंग रणनीति का इस्तेमाल करते हैं। इसमें संदेश प्राप्तकर्ता को एक फ़र्ज़ी एपीके फ़ाइल प्राप्त होती है जो विश्वसनीय स्त्रोतों से होने का दावा करती है।

जब कोई व्यक्ति इन फ़ाइलों को इंस्टॉल करता है तो धोखेबाज उनके फ़ोन पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लेता है। फिर धोखेबाज कॉल और टेक्स्ट संदेशों को किसी अन्य डिवाइस पर रीडायरेक्ट कर सकता है और पीड़ितों के फ़ोन से डेटा चुरा सकता है। धोखेबाज पीड़ित के बैंक खाते(खातों) तक भी पहुँच सकते हैं और उनकी सहमति के बिना लेनदेन कर सकते हैं।

यह घोटाला कैसे काम करता हैः धोखेबाज़ आमतौर पर सरकारी अधिकारियों, बैंकों या जानी-मानी कंपनियों के कर्मचारियों का रूप धारण करके री-केवाईसी, ट्रैफ़िक जुर्माना भरने, आयकर वापसी आदि का झांसा देते हैं। पीड़ित को एक फ़र्ज़ी एपीके लिंक वाला संदेश भेजा जाता है।

## ▶▶ न्यूज ब्रीफ

### हरिजायशवाल तीसरी बार बने मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष



**पत्थलगांव।** पाकरगांव के पत्रकार हरिशंकर जायसवाल को लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन से पत्रकार हरि शंकर जायसवाल को उनके कार्य के प्रति रुचि एवं निष्ठता के कारण जशपुर जिले का जाना पहचाना नाम है। जिन्हें उनके तेज तर्रार छवी के कारण छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। आपको बता दे कल शाम प्रदेश उपाध्यक्ष वेद भूषण स्नेही ने प्रदेश भर के कार्यसमिति एवं जिला अध्यक्ष की घोषणा कर प्रतिलिपि प्रदेश संरक्षक मुख्य मंत्री के दामाद टी एस कंवर एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे को भेज अवगत कराया गया।

### पैलेस से 35 किलो वजनी धातु की मूर्ति की चोरी सीसीटीवी कैमरे में दिखा संदिग्ध



**अंबिकापुर।** सरगुजा राजपरिवार के प्रमुख और पूर्व उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निवास, कोठीघर से 35 किलो की पीतल की हाथी की मूर्ति चोरी होने के मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले हैं। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति रेंगता हुआ पोर्च की तरफ जाता दिख रहा है, जहां से यह कीमती मूर्ति गायब हुई है। यह चोरी 2 और 3 अगस्त की दरमियानी रात को हुई थी। कोठीघर के मैनेजर राज सोनी ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। चोरी की गई पीतल की हाथी की मूर्ति का वजन 35 किलो और कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस का मानना है कि इतनी भारी मूर्ति को चोरी करने में अकेले किसी व्यक्ति का हाथ नहीं हो सकता, और इसे ले जाने के लिए किसी वाहन का इस्तेमाल किया गया होगा। सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस को उम्मीद है कि फुटेज में दिख रहे संदिग्ध की पहचान जल्द ही हो जाएगी और इससे चोरों तक पहुँचने में मदद मिलेगी।

### सखी वन स्टॉप सेंटर की मदद से परित्यक्ता महिला को मिला स्त्रीधन और 40 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर के सखी वन स्टॉप सेंटर ने एक परित्यक्ता महिला को उसके ससुराल से उसका स्त्रीधन और दहेज का सामान वापस दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सेंटर की केंद्र प्रशासक श्रीमती सुमन द्विवेदी ने बताया कि एक 34 वर्षीय महिला, जो 2012 में विवाहित हुई थी, ने पति द्वारा शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के बाद अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ मायके में रहना शुरू कर दिया था। महिला ने 30 मई 2025 को सखी वन स्टॉप सेंटर में स्त्रीधन वापसी के लिए एक मामला दर्ज कराया था। इससे पहले, 2020 में भी महिला ने सेंटर के माध्यम से भरण-पोषण का मामला दर्ज कराया था, जिसमें न्यायालय ने उसे और उसकी बेटी को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का आदेश दिया था।पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद, महिला ने अपने स्त्रीधन की वापसी के लिए परामर्श मांगा।

# श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में 116वीं महाआरती हुई

## श्रद्धा, भक्ति और सेवाभाव से ओतप्रोत रहा आयोजन, इक्यावन दीपों से हुई हनुमान लला की आरती





समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** नगर के प्रसिद्ध श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार को 116वीं महाआरती का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजपुरोहित पंडित खगेश प्रसाद पांडे (जर्वे, अकलतरा) ने विशेष रूप से शामिल होकर भगवान हनुमान के चरणों में आराधना अर्पित की।

हनुमान मंदिर परिवार की ओर से आयोजित महाआरती में इक्यावन दीपों से हनुमान लला की आरती की गई। आरती से पूर्व पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव ने षष्ठोपचार विधि से पूजन सम्पन्न कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन नारायण प्रसाद मौर्य ने किया, जबकि फोटोग्राफी का दायित्व रिंकू निर्मलकर ने निभाया।

पंडित खगेश पांडे ने महाआरती को बताया ÷श्रद्धा और अनुकरणीय सेवा का प्रतीक÷ और सभी श्रद्धालुजनों को इस आयोजन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस महाआरती में सम्मिलित होकर वे स्वयं को अभिभूत और कृतज्ञ अनुभव कर रहे हैं।

अमित तंबोली ने बताया श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार की ओर से प्रत्येक महाआरती का लाइव प्रसारण ÷हमारे हनुमान÷ यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश के श्रद्धालु घर बैठे दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# भाजपा सरकार ने बिजली का एक और 'करेंट' दिया आम गरीब जनता को: नेता प्रतिपक्ष महंत

## 400 यूनिट हाफ योजना बंद करना पाप से कम नहीं, डॉ. महंत ने भाजपा सरकार को घेरा

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर बिजली दरों में बार-बार की जा रही बढ़ोतरी को लेकर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार ने बिजली का एक और करेंट दिया है। यह छत्तीसगढ़ की आम गरीब जनता के साथ सीधा अत्याचार है।

डॉ. महंत ने कहा कि बीते 20 महीनों में सरकार ने तीन बार बिजली के दाम बढ़ाए हैं, और लाचार जनता इसे लगातार सहन कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब छत्तीसगढ़ एक 'सरप्लस बिजली' वाला राज्य है, तो फिर बिजली दरों में इतनी भारी वृद्धि क्यों की जा रही है?

उन्होंने यह भी पूछा कि जब बिजली उत्पादन के लिए कोयला और पानी जैसे संसाधन हमारी अपनी धरती पर हैं, तो जनता को महंगी बिजली क्यों दी जा रही है?

नेता प्रतिपक्ष ने 400 यूनिट हाफ÷ योजना को बंद किए जाने को भी दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि महंगाई की मार झेल रही आम जनता के लिए यह योजना एक बड़ी राहत थी। इस योजना को बंद करना किसी पाप से कम नहीं है। ट्वीट के अंत में उन्होंने लिखा ये पब्लिक है, सब जानती है। डॉ. महंत के इस बयान से प्रदेश की सियासत में फिर से बिजली दरों को लेकर गर्माहट बढ़ सकती है।

# शासन के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों की अनदेखी

## राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम पर उठ रहे सवाल

समवेत शिखर संवाददाता



**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 31 जुलाई, 2025 को आयोजित 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम ने महाविद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि महाविद्यालय ने उच्च शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन किया। 'दीक्षारंभ' समारोह में किसी भी माननीय जनप्रतिनिधि को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित न करना, न केवल शासन के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि इसे जनप्रतिनिधियों का घोर अपमान भी माना जा रहा है।

उच्च शिक्षा संचालनालय के आयुक्त द्वारा 23 जुलाई, 2024 को जारी पत्र क्रमांक 5.74/187/आउशि/गु.प्र./2024 में यह स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 'दीक्षारंभ' समारोह आयोजित करते समय माननीय जनप्रतिनिधि (मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री, विधायक या अन्य) को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। इस आदेश का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को अवगत कराना था, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाई जा सके। शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा जारी आमंत्रण पत्र में इन निर्देशों की पूरी तरह से अनदेखी की गई। आमंत्रण पत्र में कार्यक्रम के आयोजक के रूप में प्राचार्य डॉ. एजेन टोप्पो और राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी विशाल गुप्ता का नाम तो शामिल है, लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि का नाम दूर-दूर तक नहीं है। यह सीधे तौर पर उच्च शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण आदेश का उल्लंघन है।इस घटना से यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या महाविद्यालय प्रशासन ने जानबूझकर अपनी स्वेच्छाचारिता का परिचय देते हुए सरकार के निर्देशों को नजरअंदाज किया, या यह सिर्फ एक प्रशासनिक चूक थी? एक महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम में, जहाँ राज्य की शिक्षा नीति पर चर्चा होनी थी, जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित न करना सिर्फ एक चूक नहीं हो सकती। यह महाविद्यालय प्रबंधन की गैर-जिम्मेदाराना और मनमानी कार्यशैली को दर्शाता है, जो शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना के विपरीत है। इस घटना ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है और आगे की कार्रवाई की मांग भी जोर पकड़ रही है।

# कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरूवार 07 अगस्त 2025 को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने जिला पंचायत में प्रवेश, बैठक कक्ष, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। साथ ही पेयजल, बेरिकेडिंग, विद्युत, रोड क्लियरेंस, एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय जेल में रक्षाबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी

## एक भाई से मिल सकेंगी केवल दो बहनें और 100 ग्राम सोन पापड़ी की अनुमति

समवेत शिखर संवाददाता

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित जेल मुख्यालय के निर्देशानुसार, केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर में इस वर्ष 09 अगस्त को रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया जाएगा। जेल अधीक्षक ने इस अवसर पर सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं, ताकि यह पर्व शांतिपूर्ण और बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके।

**सुरक्षा को ध्यान में रखकर जारी किए गए निर्देश**-जेल अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण नियम बनाए गए हैं। इन नियमों का पालन करना सभी मुलाकातियों के लिए अनिवार्य होगा।

**दो बहनों को ही अनुमति:** प्रत्येक बंदी भाई से मिलने के लिए अधिकतम दो बहनों को ही अनुमति दी जाएगी। यह नियम भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।

**समय सीमा:** राखी बांधने की प्रक्रिया के लिए प्रत्येक मुलाकात हेतु 20 मिनट का समय निर्धारित किया गया है।

**आधार कार्ड अनिवार्य:** मुलाकात के लिए बहनों को अपना आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड के बिना पंजीकरण और मुलाकात की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**खाद्य सामग्री पर प्रतिबंध:** मुलाकात के दौरान बाहर से लाई गई खाद्य सामग्री पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, प्रतीकात्मक रूप से केवल 100 ग्राम पैक की गई सोन पापड़ी ही साथ में लाने की अनुमति होगी।

**अन्य प्रतिबंधित सामग्री:** मोबाइल फोन, रुपये, पैसे, तंबाकू या तंबाकू जनित पदार्थ, गांजा, चरस और अन्य किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जेल प्रशासन ने सभी परिजनों से इन दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी बंदी और उनके परिवारजन इस भावनात्मक पर्व को बिना किसी बाधा के खुशी से मना सकें। इन कड़े सुरक्षा उपायों का उद्देश्य पर्व की पवित्रता और शांति को बनाए रखना है।


# 30 लाख का तंबाकू-गुटखा का जखीरा पुलिस ने पकड़ा

## जशपुर पुलिस का मुखबिर तंत्र की सक्रियता ला रही रंग

समवेत शिखर संवाददाता

**जशपुर।** मामला इस प्रकार है कि थाना लोदाम पुलिस के द्वारा नेशनल हाइवे 43 पर स्थित मंडी बेरियर में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक लाल रंग का कंटेनर ट्रक ,वाहन क्रमांक ह्र5छ्4755 जशपुर घोलेंग रोड से होते हुए, लोदाम की ओर आ रहा है, जिसमे की भारी मात्रा में अवैध रूप से तंबाखू उत्पाद की परिवहन की संभावना है, जिस पर लोदाम पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर की सूचना से अवगत कराते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर , लोदाम स्थित मंडी बेरियर के पास मुखबिर के द्वारा बताए गए, संदिग्ध वाहन आता दिखाई देने पर पुलिस के द्वारा उक्त वाहन को रुकवाया गया , व वाहन चालक जो कि अपना नाम राशिद खान उम्र 40 वर्ष निवासी फिरोजपुर, थाना मह्, जिला मह्, हरियाणा का रहने वाला बताया, से उक्त ट्रक में परिवहन किए जाने वाले समान के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उसने बताया कि उक्त ट्रक में डिटर्जेंट वाशिंग पॉवडर है , जिसे लेकर वह रायपुर से बोकारो (झारखंड) जा रहा है,व उसके संबंध में एक रसीद, भी पुलिस को दी गई। जिसके आधार पर ट्रक में डिटर्जेंट वाशिंग पॉवडर परिवहन किया जा रहा था, परंतु पुलिस को संदेह होने पर, जब पुलिस के द्वारा ट्रक की तलाशी ली गई तो, उसमें 100 बोरा विमल गुटखा व 20 बोरा तम्बाकू मिला, पुलिस के द्वारा जब ट्रक ड्राइवर से उक्त समान के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई, तो उसके द्वारा ट्रक में लोड माल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका, जिस पर पुलिस के द्वारा ट्रक चालक राशिद खान उम्र 40 वर्ष को हिरासत में ले लिया गया। व ट्रक में मिले 100 बोरी विमल गुटखा व 20 बोरी अवैध तंबाखू उत्पाद सहित परिवहन में प्रयुक्त ट्रक क्रमांक ह्र5छ्4755 को भी जप्त किया गया है।



पुलिस की पूछताछ पर आरोपी ट्रक चालक राशिद खान ने बताया कि उसे ट्रक में लोड माल के बारे में पता नहीं था, ट्रक मालिक ने उसे ट्रक में डिटर्जेंट पॉवडर की रसीद देकर माल को रायपुर से बोकारो झारखंड ले जाने हेतु कहा गया था, जिसके सम्बन्ध में पुलिस की जांच जारी है, व ट्रक मालिक के खिलाफभी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। वर्तमान में पुलिस के द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 के तहत माल को जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।मामले की कार्यवाही व अवैध तंबाखू उत्पाद की बरामदगी में थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे, सहायक उप निरीक्षक सहबीर भगत, आरक्षक महेश्वर यादव व आरक्षक हेमंत कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह जशपुर ने बताया कि लोदाम क्षेत्र में अवैध रूप से गुटखा व तंबाखू उत्पाद का परिवहन करते हुए एक ट्रक को पकड़ा गया है, आरोपी ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है।

# मासिक रामायण पाठ का हुआ समापन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** श्री हरि महिला मानस मंडली जांजगीर द्वारा पवित्र सावन मास में मासिक रामायण पाठ रूपी गंगा शारदा मंदिर परिसर में पूरे एक माह तक चला और रामायण रूपी गंगा में सभी डुबकी लगाएं।रामायण पाठ का विराम यज्ञ हवन के साथ हुआ यज्ञ पूजन रामचंद्र गोपाल द्वारा कराया गया।

मासिक रामायण सत्र समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद एवं जिला योग प्रभारी श्रीमति मनीषा गोपाल ने की।अतिथि के रूप में शिक्षक कला व साहित्य अकादमी के प्रदेश संयोजक डॉ.बोधी राम साहू, अधिवक्ता रामचंद्र गोपाल, श्रीमति धन्नो सिंघानिया रहे।समापन कार्यक्रम का संचालन महिला मानस मंडली अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू ने किया।अध्यक्षता कर रहे मनीषा गोपाल ने कहा इस रामायण रूपी गंगा में सभी का सहयोग मिला, और भक्तिमय वातावरण बना रहा , सब की मनोकामना पूरी हो सुखिया बसे संसार में दुखिया रहे न कोय। विशिष्ट अतिथि डॉ .बोधी राम ने कहा यह हम सब के लिए पुनीत अवसर है जो रामायण स्थल में आने का सौभाग्य मिला।आप सभी पर श्री राम जी की कृपा सदा बरसती रहे। श्रावण मास भक्ति, आत्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। समिति धन्यवाद के पात्र है जो विगत 7 वर्षों से सावन मास में यह आयोजन करते आ रहे है।भक्ति में ही शक्ति है और नारी शक्ति ने यह आयोजन किया जो प्रशंसनीय है।रामचंद्र गोपाल ने कहा जहां राम नाम का गायन व चर्चा होता है वहा सुख सम्पदा , यश कीर्ति यू ही समाहित हो जाती है। मंडली अध्यक्ष चमेली साहू ने कहा पूरे एक माह तक चले रामायण पाठ में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी के सहयोग से यह विशाल आयोजन सफल हो सका है, जिस भक्ति भाव से आप सभी ने रामायण पाठ में भाग लिया है, निश्चित रूप से श्रीराम की कृपा आप सभी पर बनी रहेगी।रामायणमर्यादा, संस्कार की सीख प्रदान करता है।अतिथियों का साल श्री फल से सम्मान किया गया । आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों कोसाड़ी, सुंदरकांड, सुहाग सामग्री देकर सम्मानित किया गया। तथा रामायण के दौरान हुए विविध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी अतिथियों के करकमलों से किया गया। रामायण महिला मंडली के अध्यक्ष ने आगे बताया यह परंपरा विगत कई 7 वर्षो से चला आ रहा है।प्रत्येक दिवस का रामायण पाठ यू ट्यूब चमेली संकीर्तन पर लाइव घर बैठे श्रवण की सुविधा रही है।जिसे अधिकाधिक लोगों ने लाभ लिया।

बिदाई गीत चमेली साहू ने प्रस्तुत किया जिससे सभी भाव विभोर होकर रो पड़े।अंत में सभी को खीर पूड़ी का प्रसाद दिया गया।इस अवसर पर श्रीमती पूजा गुप्ता, दीपश्री साहू, मुन्नी दीदी, आशा दुबे, विभा उपाध्याय, सावित्री सराफ श्रीमती साहू, निर्मला तिवारी, श्रीमति निशा मिश्रा, श्रीमति सरोजनी साहू, छवि साहू, निष्ठा वैष्णव, शारदा साहु, चंद्र किरण सोनी , ममता यादव, नम्रता तिवारी, अनसुइया यादव, श्रद्धा यादव, पार्वती , प्रतिमा साहु, शशि यादव, डॉ.लता राठौर, मालती यादव, पुष्पा गोपाल, श्रीमति सुनीता, सरला, नेहा यादव, सहित महिला समिति के अधिसंख्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने दिए प्रधानपाठक को नशे में स्कूल आने एवं अनाधिकृत की शिकायत पर निलंबित करने दिए निर्देश



समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम तिरसोंठ में प्राथमिक विद्यालय औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। जिसमें प्रधानपाठक चैतराम यादव को लंबे समय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया गया। इस दौरान आये ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा में उन्होंने बताया कि प्रधानपाठक चैतराम यादव अक्सर शराब के नशे में विद्यालय आते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

कलेक्टर श्री व्यास ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रधानपाठक के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शाला में विद्युत उपकरणों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए एवं स्वास्थ्य जांच दल के द्वारा किये गए निरीक्षणों की भी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से चर्चा कर बच्चों की उपस्थिति एवं दर्ज संख्या की भी जानकारी ली।